e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 191

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
14.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
हमें हमेशा बडे सपने देखने चाहिए, क्योंकि अगर हम उनको देख सकते हैं, तो हम निश्चय ही उनको पूरा भी कर सकते हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

## क्विक न्यूज

### रांची के बिरसा जेल में बंद कैदी ने खुद का गला रेता,गंभीर

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद एक कैदी ने गुरुवार को गला रेतकर आत्महत्या करने की कोशिश की। आनन-फानन में जेल प्रशासन ने जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद उसे रिम्स भेज दिया। उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। जेल अधीक्षक हामिद अख्तर के मुताबिक, जेल में बंद अन्य कैदियों ने बताया कि कैदी जवाहर लाल बुधवार रात से ही बेचैन था। गुरुवार की सुबह जेल परिसर में कैदियों का बाल-दाढ़ी बनाया जा रहा था। इस बीच जवाहर ने नाई के उस्तरा से खुद का गला रेत लिया। जवाहर लाल बानरा उर्फ करण को अरगोड़ा थाना पुलिस ने नौ जुलाई को ब्राउन शुगर बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल में वह 12 डी वार्ड में बंद था।

### भोपालः ऑनलाइन एप के जाल में फंसे पति-पत्नी ने दो बच्चों को जहर देकर की आत्महत्या

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में ऑनलाइन एप के जाल में फंसे एक युवक ने पत्नी व दो बच्चों के साथ आत्महत्या कर ली। दंपति ने पहले अपने दो बेटों को जहर देकर मार डाला, फिर दोनों ने फांसी लगा ली। गुरुवार सुबह दंपति के शव घर में फांसी के फंदे पर लटके मिले, जबकि दोनों बेटों के शव घर में पड़े हुए थे। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें कर्ज का जिक्र किया गया है। परिवार द्वारा की गई इस आत्महत्या की घटना ने पूरे प्रदेश को हिलाकर रख दिया है।

### पलामू : भारी मात्रा में गांजा बरामद

**मेदिनीनगर :** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने पलामू में लाखों रुपए के गांजे की खेप को पकड़ा है. इसके साथ ही इंटरस्टेट तस्करों के नेटवर्क का खुलासा हुआ है.छापेमारी में एनसीबी के साथ पलामू के सतबरवा और सदर थाना सदर और सतबरवा थाना पुलिस के साथ मिलकर क्षेत्र की सीमा पर दुबियाखाड़ में ट्रैप लगाया था. इसी क्रम में एक कार गुजर रही थी. कार की तलाशी में गांजे की खेप पकड़ी गई. पुलिस ने जिस गांजे की खेप को पकड़ा है. उसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है.पुलिस ने गांजे की खेप के साथ कार के ड्राइवर और बिहार के रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. दोनों गांजा तस्करी गिरोह के सदस्य हैं. दोनों ने एनसीबी और पुलिस को बड़ी जानकारी दी है.

**बोकारो : सीएम ने 17097.82 लाख रुपए की लागत वाली 70 योजनाओं की दी सौगात, 5636.94 लाख रुपए की परिसंपत्तियों का किया वितरण**

# शिक्षित व विकसित राज्य बनाना सरकार की प्राथमिकता : हेमंत

**सीएम ने मॉडल डिग्री कॉलेज, नवाडीह की रखी आधारशिला, मॉडल डिग्री कॉलेज, गोमियाँ का किया उद्घाटन**

प्रभातम मंत्र संवाददाता

**बेरमो-नावाडीह (बोकारो) :** एक लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद हमने झारखंड तो ले लिया। लेकिन,पिछले दो दशकों में इस राज्य को जहां होना चाहिए वहां नहीं नहीं पहुंच सका। तमाम संसाधनों और क्षमताओं के बाद भी झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। अब हमारी सरकार इस राज्य की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए कृत संकल्प है। इस कड़ी में कई योजनाएं शुरू की गई है और कई शुरू होंगी। ये योजनाएं झारखंड की दशा और दिशा और स्वरूप को बदलने का काम करेगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बोकारो के नवाडीह में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी हर योजना और नीति जन आकांक्षाओं के अनुरूप है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई की चिंता करें। पढ़ाई का खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा से लेकर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार की योजनाएं हैं । बच्चियां स्कूल से जुड़ी रहें, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गई है। छात्रवृत्ति राशि में इजाफा किया गया है। विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की कोचिंग से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज की पढ़ाई पर होने वाले खर्च को भी सरकार वाहन कर रही है। अगर विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं तो उसका शत प्रतिशत खर्च सरकार वाहन कर रही है।

### अब हर पशु का होगा इंश्योरेंस

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है । मुख्यमंत्री पशुधन योजना इसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है। इसके तहत लाभुकों को सरकार के द्वारा जो भी पशु दिया जाएगा, उसका अब इंश्योरेंस होगा, ताकि पशुओं की मौत पर लाभुकों को आर्थिक क्षति नहीं हो और वह आगे भी पशुपालन से जुड़े रहे।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर मंत्री श्रीमती बेबी देवी,योगेंद्र प्रसाद (राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त), मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे,सचिव सुनील कुमार, डीआईजी कन्हैयालाल मयूर पटेल और जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

*** 50 बिस्तरों की क्षमता वाले क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक और एकीकृत धनवंतरी आयुष अस्पताल के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास**

### नौकरियों का खुला दरवाजा, स्वरोजगार के लिए भी योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नियुक्ति पत्र वितरण करने का सिलसिला लगातार जारी है और यह आगे भी चलेगा । वहीं, जो अपना कारोबार करने के इच्छुक है, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुदान आधारित लोन उपलब्ध कराया जा रहा है । हमारी कोशिश है कि युवा रोजगार- स्वरोजगार से जुड़े और राज्य को सशक्त मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी से लोगों को अवगत कराया और उन्हें इन योजनाओं से जुड़ने को कहा।

# पुलिस ने बरसाई लाठियां, भाजपा नेता की मौत, सांसद घायल

**बिहार के मुख्यमंत्री अपनी नैतिकता भूल गये हैं : नड्डा**



एजेंसी

**पटना** : बिहार सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने पटना के गांधी मैदान से गुरुवार को विधानसभा मार्च निकाला. इस मार्च के दौरान पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए वॉटर कैनन चलाए. लाठीचार्ज में एक बीजेपी नेता की जान चली गई. जहानाबाद से बीजेपी जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह पुलिस की लाठी से गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया. कई भाजपा के नेताओं को चोटें भी आई. भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल डाकबंगला चौराहे से आगे बढ़ने की कोशिश किए तो उन पर भी प्रशासन ने लाठियां चटकाई. वे घायल हो गए। कई कार्यकर्ताओं को डाक बंगला चौराहा से पहले पुलिस ने एक अपार्टमेंट में गेट बंद करके उनको अंदर ही कैद कर दिया. इस मामले में बीजेपी नेता और भी उग्र हो गए हैं. उन्होंने नीतीश सरकार पर जमकर हमला शुरू कर दिया है. सभी नेता नीतीश सरकार को कोस रहे हैं और तेजस्वी यादव के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं. साथ ही शिक्षक अभ्यर्थियों का भी समर्थन कर रहे हैं. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं पर पटना में हुए लाठीचार्ज राज्य सरकार की विफलता और बौखलाहट का नतीजा है। महागठबंधन की सरकार भ्रष्टाचार के कलि को बचाने के लिए लोकतंत्र पर हमला कर रही है।जिस व्यक्ति पर चार्जशीट हुई है, उसको बचाने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री अपनी नैतिकता तक भूल गये हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि भाजपा के आंदोलन को निर्मम तरीके से कुचलने कोशिश की गई। हमारे एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। पटना की लाठीचार्ज में उनके सिर में गंभीर चोट लगी। सुशील मोदी ने कहा कि पटना पुलिस लाठीचार्ज के बाद भी नहीं रुकी, भाजपा नेताओं को गिरफ्तार भी कर लिया। वहीं पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि हम इन गिरफ्तारी से डरने वाले नहीं है। हम बिहार की बेहतरी के लिए लड़ते रहेंगे। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। हमलोग शांतिपूर्व तरीके से आगे बढ़ रहे थे इतने में पुलिसकर्मी लाठी बरसाने लगे।भाजपा के आंदोलन से बिहार सरकार डर गई है।

# सड़क दुर्घटना में दो कावरियों की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीहः** बगोदर थाना क्षेत्र में गुरुवार की तड़के भीषण सड़क हादसा हुआ. यहां कावांरियों से भरी कार ने एक खड़ी ट्रक को टक्कर मार दी.

इस सड़क हादसे में दो कावरियों की मौत हो गई जबकि तीन लोग जख्मी हुए हैं. मृतकों में हजारीबाग इमली कोठी निवासी सगे भाई संतोष केसरी और दीपक केसरी शामिल हैं. जबकि घायलों में रिशू केसरी और सूरज केसरी शामिल हैं. यह घटना बगोदर थाना इलाके के जीटी रोड झरी पुल के पास घटी है. जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह लगभग 3 बजे कार ने एक खड़ी ट्रक को धक्का मार दिया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कांवरियों की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी.

इस घटना की सूचना के बाद बगोदर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से सभी लोगों को बगोदर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. यहां चिकित्सक ने एक कांवरिया को मृत घोषित कर दिया जबकि इलाज के दौरान एक और कांवरिया की मौत हो गयी. वहीं घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रांची रेफर कर दिया गया है. बताया जाता है कि ये सभी लोग बिहार के सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर देवघर बाबा धाम पहुंचे थे. यहां भगवान भोले पर जल चढ़ा कर वापस अपने घर लौट रहे थे इसी बीच वो बगोदर में हादसे के शिकार हो गये. बताया जाता है कि कार को धक्का मारने के बाद ट्रक को लेकर चालक फरार हो गया है. फरार ट्रक व चालक को पकड़ने का प्रयास पुलिस ने किया है. लेकिन सूचना मिलने तक इसमें सफलता नहीं मिल सकी है.

# पेरिस में प्रधानमंत्री मोदी का हुआ भव्य स्वागत



एजेंसी

**पेरिस** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को अपने दो दिवसीय दौरे के तहत फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंच गए। पीएम का विमान पेरिस के ओरली हवाई अड्डे पर उतरा। एयरपोर्ट पर फ्रांस की पीएम एलिजाबेथ बोर्न ने पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। वहीं,फ्रांस की सेना ने पीएम मोदी के सम्मान में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान फ्रांस की सेना ने पहले भारत के राष्ट्रगान का धुन बजाया। इसके बाद फ्रांस के राष्ट्रगान का धुन बजाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेरिस के होटल प्लाजा एथेनी पहुंचते ही होटल के बाहर भारी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग पीएम मोदी के स्वागत के लिए जमा हुए। हाथों में तिरंगा लेकर उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। पीएम मोदी आज पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रीय दिवस के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आपको बता दें कि इस वर्ष दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ है। परेड के बाद प्रधानमंत्री फ्रांस की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष द्वारा आयोजित दोपहर के भोजन में शामिल होंगे। इसके बाद, वह पीएम मोदी फ्रांसीसी कंपनियों के सीईओ के साथ मुलाकात करेंगे। फ्रांस से लौटते वक्त 15 जुलाई को पीएम मोदी यूएई जाएंगे। इस अहम यात्रा के दौरान वह यूएई के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से चर्चा करेंगे। यह यात्रा ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए बेहद खास मानी जा रही है।




**संक्षिप्त खबरे**

## शहर को जल्द सुव्यवस्थित किया जाएगा : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर के साथ चेंबर की एक विशेष बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया उपायुक्त पलामू से मिलकर शहर की समस्या तथा नया औद्योगिक प्रांगण बनाने हेतु भूमि के लिए अनुरोध किया जाएगा। जिस पर आज एक चेंबर डेलिगेशन जिसमें चेंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, रंजीत मिश्रा, राकेश कुमार ,निलेश अग्रवाल एवं आलोक माथुर ने उपायुक्त पलामू से मिलते हुए शहर की समस्याओं को रखा जिसमें प्रमुख औद्योगिक प्रांगण हेतु जमीन उपलब्ध कराना, विष्णु मंदिर मार्ग को जाम से मुक्त कराना तथा कोयल रिवर फ्रंट को नो ट्रांसपोर्ट जोन बनाना प्रमुख था द्य उपायुक्त पलामू ने काफी गंभीरता से तीनों विषय को लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया साथ ही औद्योगिक प्रांगण हेतु जल्द भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# सबके सहयोग से ही फाइलेरिया मुक्त बनेगा पलामू : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आईडीए-एमडीए 2023 की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गयी.समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने कहा कि टीम वर्क के मदद से ही जिले को फाइलेरिया मुक्त किया जा सकता है.इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि सभी पदाधिकारी उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर आमजनों के बीच व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलायें.उन्होंने पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए 2 वर्ष से उपर के बच्चों को दवा खिलाने की बात



कही.इसके पूर्व जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ जितेंद्र ने सभी पदाधिकारियों को उन्मूलन कार्यक्रम के विषय पर विस्तृत जानकारी दी,बताया कि 10 अगस्त को बूथ स्तर पर कार्यक्रम किया जाएगा उस दिन सभी महत्वपूर्ण जगहों पर बूथ लगाकर लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा। इसके बाद 11 से 25 अगस्त तक डोर टू डोर जाकर सहियाओं द्वारा योग्य लोगों को दवा का सेवन कराया जायेगा.इस कार्यक्रम में 2 साल से कम उम्र के बच्चे,गर्भवती महिलाएं तथा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा का सेवन नहीं करना है। **बैठक में इनकी रही मौजूदगी :** बैठक में उपरोक्त के अलावे सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार,जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, कई जिला परिषद सदस्य, कई विभाग के कार्यपालक अभियंता, डीपीओ विजय प्रकाश पांडे, एसडीसी अभिषेक आनंद आदि उपस्थित थे।

## 5 सूत्री मांगो को लेकर 17 को आक्रोशपूर्ण रैली निकालेंगे पंचायत प्रतिनिधि

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख और पंचायत समिति सदस्य आगामी 17 जुलाई को पांच सूत्री मांगों को लेकर आक्रोशपूर्ण रैली निकालकर प्रदर्शन करेंगे। बैठक में यह निर्णय लिया गया निर्णय के अनुसार आक्रोशपूर्ण रैली प्रखंड मुख्यालय से निकलकर विवेकानंद चौक, सद्दीक चौक के बाद कचहरी चौक होते समाहरणालय में उपायुक्त कार्यालय में मांग पत्र सौंपेंगे। इसकी प्रतिलिपि अंचल अधिकारी चैनपुर, थाना प्रभारी को दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी को अनुमति के लिए आवेदन दिया गया है। रैली में तमाम जनप्रतिनिधियों जैसे पंचायत समिति सदस्य, उप मुखिया और वार्ड सदस्यों से सभी भारी संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। मौके पर प्रमुख गायत्री देवी, उपप्रमुख सुनील सिंह, पंचायत समिति सदस्य मुन्ना कुमार, सुकुल कुमार रवि, वाशिद अंसारी, लालजी चौधरी, संजय चौरसिया, प्रदीप दुबे सहित अन्य शामिल थे।

## नप कार्यालय में लगा शिविर, जन्म-मृत्यु निबंधन पर किया गया जागरूक




**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** विश्रामपुर नप कार्यालय के सभागार में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे जन्म व मृत्यु निबंधन के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। शिविर का उद्घाटन सहायक नगर आयुक्त मो. परवेज ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में शामिल बीएलओ,आंगनबाड़ी सेविका व स्वास्थ्य सहिया को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के उपयोगिता व उसका फायदा बताया गया। मो परवेज ने कहा कि गांवों में जाकर लोगों को इसके बारे में बताएं व उन्हे जागरूक करें। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, जेई अजित टुडू, मुकेश कुमार, सुबोध कुमार, रमेश कुमार, दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## किसान ब्रिगेड ने मझीगावां में किया पंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** किसान ब्रिगेड हरिहरगंज प्रखंड इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को सलैया पंचायत के मझीगांवा गांव में कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया रघुनंदन साव तथा संचालन संदीप कुमार पटेल ने किया। बैठक में सलैया व ढकचा पंचायत के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मौके पर किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ0 संजय कुमार सिंह ने कहा कि आज पलामू जिला सहित पूरे हरिहरगंज- हुसैनाबाद विधानसभा की जनता जर्जर सड़क, भूमि गड़बड़ी, रिसर्वे, गलत बिजली बिल, बालू की समस्या, अवैध खनन, पेयजल, सरकारी कार्यालयों में फैला भ्रष्टाचार जैसे विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। सभी के हक और अधिकार का लड़ाई



किसान ब्रिगेड लड़ रही है और यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगा। विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंडों में किसान ब्रिगेड कमेटी का गठन हो चुका है। सभी का दायित्व बनता है कि कार्यकर्ता घर घर जाकर गरीबों को मदद करें तथा विचारधारा से उन्हें अवगत कराऐं। बैठक में समाजसेवी डॉ0 भीष्म नारायण सिंह, मनीष सिंह अजय यादव, चन्द्रभूषण सिंह, विरेन्द्र सिंह, विजय साव, कलावती देवी, जसमतिया देवी, कविता देवी, डोमन भुइयां सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विश्रामपुर नगर कांग्रेस कार्यकारणी की हुई बैठक संगठन के मजबूती व विस्तार पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारणी की एक महत्वपूर्ण बैठक बी मोड़ स्थित शहीद स्मारक भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋ षि पांडेय ने किया। बैठक में संगठन के मजबूती और विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सिर्फ जुमालेबाजी करती है। सत्ता के लिए भाजपा ने समाज में विद्वेष फैला दिया है। कांग्रेस नफरत की नही बल्कि मुहब्बत की बात करती है। सबको एक साथ लेकर चलने में कांग्रेस विश्वास करती है। उन्होंने दावा किया कि 2024 के लोस चुनाव में भाजपा का सफाया हो जायेगा व बहुमत के साथ कांग्रेस गठबंधन की सरकार केंद्र में बनेगी। नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय को सभी बीस वार्डों में बूथ कमेटी गठित करने का निर्देश दिया। श्री पांडेय ने जिलाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि नगर निकाय क्षेत्र में कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ उभर रही है। आने वाला चुनाव परिणाम इसका साक्षी बनेगा। मौके पर विश्रामपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला, अधिवक्ता सुधीर चौबे, मणिभूषण पांडेय, सतीश कुमार चौबे, नेजाम

## वामपंथी नेताओं ने किया शोक व्यक्त

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू के वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश के 85 वर्षीय पिताजी का कल रात्रि 9:30 में मेदिनीनगर के वेलवाटिका स्थित आवास पर निधन हो गया। पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, राज्य परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह, उमेश सिंह चेरो, ललन कुमार सिन्हा, नौजवान संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, जिला सचिव अभय कुमार भूइंया, उपाध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी, आलोक कुमार तिवारी, नसीम राइन, सोनू अहमद, ने गहरा दुख व्यक्त किया है और दिवंगत मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## बसपा कार्यकर्ता की बैठक 21 जुलाई को

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बसपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता एवं विनोद कुमार सोनी ने, संयुक्त रूप से एक बयान जारी कर कहा है कि आगामी 21. 7 .2023 दिन शुक्रवार को बसपा पलामू जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक मेदिनीनगर परिषदन भवन के सभाकक्ष हॉल में रखा गया है।बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मा. राजन मेहता जी उपस्थिति रहेंगे,बैठक में संगठनात्मक विस्तार पर परिचर्चा व पलामू जिला में ज्वलंत समस्याओं को लेकर आंदोलनात्मक रूप तैयार करने पर विचार विमर्श किया जाएगा जिसके लिए पलामू जिला के पूर्व एवं वर्तमान जिला कमेटी,पलामू जिला के सभी विधानसभा के पूर्व एवं वर्तमान विधानसभा कमेटी, पलामू जिला के सभी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, पलामू जिला के सभी प्रखंड के पूर्व एवं वर्तमान प्रखंड कमेटी, पलामू जिला के पूर्व एवं वर्तमान पंचायत सेक्टर कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं निष्ठावान कार्यकर्ता से अनुरोध है कि उक्त बैठक में पहुंचकर बैठक को सफल बनावें, जिसके लिए बसपा पलामू जिला कमेटी सदा आभारी रहेगी।

## हरिहरगंज प्रखंड सभागार में दिव्यांग जांच शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रखंड सभागार में गुरुवार को दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में प्रखंड के चिकित्सकों के अलावे जिला दिव्यांग जांच चिकित्सकों का टीम शामिल हुआ। शिविर में विभिन्न पंचायतों से 80 दिव्यांगजन अपने स्वजनों के साथ पहुंचे थे। इस दौरान सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 राजेश कुमार ने बताया कि शिविर में विभिन्न पंचायतों से पहुंचे 80 दिव्यांगों का आवश्यक कागजात संग्रह किया गया है। जिसे ऑनलाइन करने के बाद दिव्यांग जनों का यूआईडी प्रमाणपत्र जेनरेट हो जाएगा। जिसके आधार पर दिव्यांग जनों को सरकारी योजना का लाभ मिल सकेगा। जांच शिविर में डा0 राजेश कुमार, डा0 अरुण कुमार सिंह डा0 ब्रजभूषण प्रसाद सिन्हा, डा0 पवन शुक्ला, स्वास्थ्य कर्मी कपिलदेव कुमार, सौरभ सिंह, एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार, दिनेश कुमार, जय प्रकाश, ओम प्रकाश, सन्नी कुमार आदि शामिल थे।

## 22 चक्का टेलर अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह पंचायत के सूरज बेदवा पुल के पास छरी से लदा हुआ एक 22 चक्का टेलर अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गया। ग्रामीणों ने बताया कि बोलेरो गाड़ी को बचाने में 22 चक्का टेलर अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरा।दुर्घटना हुई गाड़ी नंबर बी आर 24 जी बी 6746 थी। यह टेलर रमकंडा की तरफ से डाल्टेनगंज की तरफ जा रहा था। इस घटना में ड्राइवर घायल हो गया है। नावाडीह के मुखिया दयानंद प्रसाद ने कहा कि नेउरा से लेकर छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली यह सड़क डबल हो गई है जबकि रमकंडा और नावाडीह के बीच एक सूरज बेदवा पुल है जो सिंगल पुल बहुत पहले से बना हुआ है। आए दिन हमेशा यहां पर दुर्घटना होते ही रहती हैं। किसी भी नेता, अधिकारी को इस पर ध्यान अबतक नहीं गया है। किसी भी दिन इस पुल के पास बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## नशे के धुत मे रहते है शिक्षक, बच्चों के भविष्य हो रहा है खराब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अंतर्गत अति सुदूरवर्ती क्षेत्र डगरा पंचायत के अंतकला उत्क्रमित प्राथमिक विधालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव संजय कुमार ने विधालय के समय मे भी शिक्षक संजय कुमार नशे की हालत मे रहते है, उन्होंने बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड कर रहे है।विधालय मे मध्यान भोजन भी अच्छे तरीके से नहीं संचालित होता है। मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह ने औचक निरीक्षण के दौरान यह मामला प्रकाश मे आया। उन्होंने बताया कि बच्चों मध्यान भोजन मेनू के अनुसार नही दिया जाता है,विधालय के हेड मास्टर से लेकर सभी शिक्षक लफरवाही करते है और सही तरीके से शिक्षण का कार्य नही कराया जाता है जिसे बच्चों की भविष्य के अन्धकार मे है। शिक्षण कार्य के समय बच्चों का शिक्षा देने के बजाय शिक्षक गहरी नींद मे खर्राटे लेते है।

## ट्रक के धक्के से एक स्कूली छात्र गंभीर, एक मृत




**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नावा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत तुकबेरा बाना बाजार के एनएच 98 मुख्य मार्ग पर वृस्पतिवार को औरंगाबाद की ओर से डाल्टेनगंज जा रहे ट्रक के धक्के से राजकीय मध्य विद्यालय तुकबेरा टोला के एक छात्र गंभीर रूप से घायल तथा एक मृत हो गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों की मदद से दोनों छात्रों को मेदनीनगर एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज के दौरान एक को मृत घोषित कर दिया। घायल छात्र में तुकबेरा निवासी स्वर्गीय आनंद मेहता के पुत्र 11 वर्षीय प्रयुस मेहता तथा विजय मेहता के पुत्र 9 वर्षीय आइडियल मेहता शामिल हैं। दोनों छात्र अपने आठ- दस साथी की संख्या में पढ़ने के लिए विद्यालय जा रहे थे जहां पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने चपेट में ले लिया।

## घायल अमलेश्वर दुबे एवं उनके परिजनों से मिलने पहुंचे भाजपा नेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एमएमसीएच में भर्ती भाजपा के वरिष्ठ नेता अमलेश्वर दुबे एवं उनके परिवारिक सदस्यों से भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह एवं पलामू सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने मिलकर उनका हालचाल जाना। ज्ञातव्य है कि बुधवार को चेड़ाबार, चैनपुर में दुबे परिवार के निजी जमीन जहां पर भुनेश्वर दुबे मेमोरियल स्कूल भी चलता है। वहीं पर अचानक चेरों समाज के प्रेमन सिंह, जगा सिंह, मनोहर सिंह, कामाख्या सिंह, कोलेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह ,गोपाल सिंह, सुरेश सिंह एवं अन्य दबंगों ने जबरदस्ती कब्जा करने के उद्देश्य जोतकोड कर रहे थे।मना करने पर इन लोगों ने तीर धनुष, भाला, गडासा से मनोज कुमार दुबे, दिनेश कुमार दुबे, अमलेश्वर दुबे एवं आयुष कुमार पर जानलेवा हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल



कर दिया है। किसी तरह जान बचाकर परिवार के लोग भागे। तत्काल इनलोगों को इलाज के लिए एमएमसीएच सह सदर अस्पताल में लाया गया,जहां इनलोगों का ईलाज चल रहा है। घायल परिवारों ने तत्काल इसकी जानकारी चैनपुर थाना को देकर दबंगों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। परंतु अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। भाजपा झारखंड के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि एक शिक्षण संस्थान के आसपास दिनदहाड़े घटी।घटना से लोग हतप्रभ है। वही पीड़ित दुबे परिवार डरा सहमा हुआ है।यह घटना मार्मिक एवं विदारक है पूरे परिवार को एक साथ जान मारने की साजिश है। सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने कहा कि अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े घटना को अंजाम देना उनके दुस्साहस का परिचायक है। एक संभ्रांत परिवार पर इस तरह हमला होना निंदनीय है श्री ओझा ने पलामू पुलिस से आग्रह किया है कि प्राथमिकी दर्ज अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। ताकि भविष्य में इस तरह की घटना घटित न हो पाए समाज के हर वर्ग में अमन चैन बना रह सके।

## डीलर के मनमानी से ग्रामीण परेशान, कारवाई की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सैया भये कोतवाल अब डर काहे का। यह कहावत प्रखंड के सिंहपुर ग्राम के डीलर कामेश्वर गुप्ता पर एक दम सटीक बैठता है। जो बीडीओ सह एमओ के दाह पर मनमानी कर रहे है। वे पहले कार्ड जमा करा कर अंगूठा लगाते है, बाद में राशन देने की बात कह कर कार्ड भी चढ़ा देते है और बाद में राशन भी नही देते। गुरुवार को सिंहपुर डीलर कामेश्वर गुप्ता अपने जन वितरण प्रणाली की दुकान पर लाभुको को राशन बाट रहे थे।उनकी दुकान पर लाभुको की भारी भीड़ लगी थी।वजह इन्होंने मई-जून के राशन भी अंगूठा लगवा कर भी नही वितरण किया था।लाभुक भी इस बात को जानते है कि राशन नही लिया तो बाद में मिलेगा ही नही।जब कि वर्तमान में मशीन पर राशन रखने के बाद ही तौल मशीन काम करता है।11 बजे लाभुको को यह कह कर चले गए कि 10 मिनट में खाना खा कर आते है। भीड़ इंतजार करती रही डीलर साहब



आये चार बजे। इस दौरान सुबह से डीलर का इंतजार करती दो महिलाएं जायदा बीबी तथा बिंदा देवी बेहोश हो कर गिर पड़ी।बिंदा देवी को तो होश आ गया। परन्तु जायदा बीबी को अस्पताल भेजना पड़ा।डीलर की लापरवाही से दो महिलाओं का बेहोश हो जाना कोई छोटी बात नही। इससे पूर्व भी पिछले शनिवार को ग्रामीणों की शिकायत पर बीडीओ सह एमओ श्रवण राम ने उपर्युक्त डीलर की दुकान की जांच किया।जांच में 150-200 लाभुको को राशन नही बाटने का मामला सामने आया था।जब कि दुकान में कुछ भी राशन उपलब्ध नही था।जुलाई माह का राशन रखा जा रहा था। तब बीडीओ सह एमओ श्रवण राम ने डीलर को सोमवार को मई-जून के राशन पंचायत सेवक व मुखिया की उपस्थिति में बाटने का निर्देश दिया था।साथ ही डीलर पर करवाई की बात भी कही थी। लेकिन रातो-रात बीडीओ सह एमओ का सुर बदल गया।अब उनका कहना है की जुलाई माह का राशन बाटने के बाद डीलर पर करवाई किया जाएगा।गुरुवार को दो महिलाओं के बेहोश होने के बाद डीलर की दुकान पर हुए हंगामे में उपस्थित लाभुक महिलाओ मरचवार ग्राम की सीमा देवी, संगीता देवी जासा ग्राम की निर्मला देवी, सुनीता कुमारी, बिंदु देवी, सविता देवी, चंदा देवी, उर्मिला देवी, कौशल्या देवी, आशा देवी, पार्वती देवी, सुनैना देवी, विमला देवी, श्रद्धा देवी, सुगिया देवी फुलवा देवी, बिंदा देवी, सिंहपुर ग्राम की प्रेमशिला देवी, मीरा देवी, देवंती देवी, विमला देवी ने बताया कि हम सभी लोगो को पिछले दो मशीने का राशन डीलर द्वारा नही दिया गया है। जब कि डीलर द्वारा अंगूठा प्रत्येक महीने लगवा लिया जा रहा है।सुबह से हम लोगो का कार्ड लेलिया गया है।सभी लोग सुबह सात बजे से दुकान पर खड़े है।पांच बजे गया अभी तक हमे राशन नही मिला।लगता है आज भी हमे खाली हाथ ही जाना पड़ेगा। बताते चले कि पिछले शनिवार जांच के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने कहा था कि ग्रामीणों की शिकायत सत्य पाया गया है. जांच में उपस्थित दर्ज़नो ग्रामीणों ने बताया है की मई-जून माह का अंगूठा लगवा कर भी डीलर के द्वारा राशन नहीं दिया गया.डीलर के अनुसार कुछ लोगों को राशन दिया गया है और कुछ लोगो का राशन बाकी था .उनका राशन भी गोदाम में नहीं मिला था. डीलर को सोमवार को सभी ग्रामीणों का राशन मुखिया और पंचायत सेवक की उपस्थिति में बांटने का सख्त निर्देश दिया गया था.उन्होंने कहा कि डीलर कामेश्वर गुप्ता पर पहले से भी शिकायत था.डीलर कामेश्वर गुप्ता के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई भी किया जायेगा जब कि अब बीडीओ सह एमओ श्रवण राम का कहना है कि जुलाई का राशन बाटने के बाद डीलर पर करवाई किया जाएगा। मौके पर सत्यनारायण पांडेय, रविंद्र पांडेय, विकास पांडेय, योगेंद्र योगेंद्र पांडेय, अंजनी पांडेय, वीरेंद्र बैठा, छोटेलाल बैठा, उपेंद्र पांडेय, धनंजय पांडेय, राजेंद्र पांडेय, अली हुसैन अंसारी, अभिषेक पांडेय, राजीव पांडेय,उषा कुँवर, भगवान मेहता, समसुद्दीन अंसारी, दुदुन राम, शांति देवी, बुधन बैठा, राजन पांडेय,अरविंद पांडेय, भूपेंद्र पांडेय, विवेक पांडेय, अजय पांडेय सहित बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रबुद्ध वाजपेयी स्मृति सम्मान के लिए चयनित हुए पत्रकार नवल व प्रमोद

**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार नवल किशोर सिंह और सरायकेला के पत्रकार प्रमोद सिंह को प्रबुद्ध बाजपेई स्मृति सम्मान के लिए चयनित किया गया है। इस संबंध में झारखंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक में निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र ज्योतिषी ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया, कि इस वर्ष पत्रकारों को दिये जाने वाले प्रबुद्ध वाजपेयी स्मृति सम्मान के लिये अब तक दो पत्रकार साथियों का चयन किया गया है। कुल पांच पत्रकारों का चयन राज्य भर से किया जाना है। इनमें से एक रांची के वरिष्ठ पत्रकार नवल किशोर सिंह, जिन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा काल खंड मुखर पत्रकारिता को दिया है। पत्रकारिता के माध्यम से आम जन मानस की आवाज को बुलन्दी देने में इनकी अहम भूमिका रही है। आगामी प्रेस दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले समारोह में पुरस्कार के हकदार पत्रकारों को सम्मानित किया जायेगा।

### द ब्राइडल स्टोरी जीतो रांची के द्वारा एक भव्य प्रदर्शनी

**रांची :** फैशन वह है जो आपके व्यक्तित्व को दर्शाता है। जीतो रांची के लोगो के इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विगत वर्ष की तरह इस साल और भी बड़े पैमाने पर डिजाइनर फैशन प्रदर्शनी द ब्राइडल स्टोरी लेकर आ रहा है। यह प्रदर्शनी 2 दिनों की 10 एवम 11 अगस्त को संपन्न होगी। यह जानकारी जीतो प्रवक्ता पायल गोधा ने दी। इस बार दुगने से भी अधिक 111 स्टाल्स के साथ द ब्राइडल स्टोरी स्वर्णभूमि किट में होगी। एक ही छत के नीचे देश भर से बड़े बड़े ब्रांड्स एवम डिजाइनर्स इस प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे है। पहले हॉल में शादी से संबंधित सारे जरूरतों के लिए वन स्टॉप शॉप स्टाल्स की व्यवस्था है।

# कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला में मजाक बना स्वच्छ भारत मिशन

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**




**रांची।** स्वच्छता का माखौल कैसे उड़ता है, यदि देखना हो तो वार्ड 11 का कांटाटोली कुरैशी मोहल्ला स्थित सामुदायिक शौचालय सह जन सुविधा केंद्र को एक बार देख कर अनुभव कर सकते हैं। स्वच्छ भारत मिशन के इस युग में सामुदायिक शौचालय सह जन सुविधा केंद्र बदहाल है । बताया गया कि पक्का सामुदायिक शौचालय सह जन सुविधा केंद्र का निर्माण लगभग वर्ष 2004-05 के आस पास इसलिए कराया गया था, ताकि कुरैशी मोहल्ला वासियों जिनके घरों में शौचालय नहीं है या फिर दूरदराज से कोई व्यक्ति, महिलाएं , शादी ब्याह सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने आते हैं तो उन्हें शौचालय के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। इन सब को देखते हुए पास के रविदास मोहल्ला और कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला स्लाटर हाउस के नजदीक पुरुष और महिलाओं की जरुरतों को देखते हुए अलग अलग शौचालय के करीब दस कमरे,लोहे के दरवाजे,पानी की टंकी,एक अलग से स्टाफ कमरा और बाहर से लोहे का गेट लगाया गया था।

इस सामुदायिक शौचालय सह जन सुविधा केंद्र के निर्माण के लिए नव भारत जागृति केंद्र के सहयोग कर्ता एंव संचालनकर्ता बस्ती विकास समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा था, लेकिन दस बारह सालों बाद इसकी देखरेख नहीं होने से शौचालय परिसर में घास उग आए हैं,कुछ का पेन टूट गया है कुछ टाइल्स उखड़ गए,दरवाजे की कुंडी आदि टूट गई है। गेट भी जर्जर हो रहा है, आवारा लड़कों का अड्डेबाजी करने की शिकायत भी आती है, यूं कहें कि स्थिति बहुत ही दयनीय होती जा रही है। समय रहते इस पर यदि रांची नगर निगम य संबंधित विभाग अपने स्तर से पहल करेगी तो इसे बचाया जा सकता है, ताकि आम जनों के लिए सही से उपयोगी हो सके।

### क्या कहा उप प्रशासक ने

सामुदायिक शौचालय सह जन सुविधा केंद्र की जब जानकारी रांची नगर निगम के उप प्रशासक रजनीश कुमार को दी गई, तो उन्होंने पूरा डिटेल लिया फोटो मांगा और कहा कि इस पर मैं दिखवाते हैं कि कैसे इस शौचालय को साफ और बेहतर बना सकते हैं। आमजन की सुविधा के लिए रांची नगर निगम हमेशा से तत्पर है।

## राष्ट्रीय सचिव शेष नारायण का किया गया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय सचिव शेष नारायण ओझा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी का पदभार ग्रहण करते ही शेष नारायण ओझा द्वारा ताबड़तोड़ बैठकें लगातार जारी है।युवा कांग्रेस के महासचिव सह रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व एवं अभिजीत राज की अध्यक्षता में प्रभारी शेष नारायण ओझा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर शेष नारायण ने कहा ने कहा कि भारत युवाओं का देश हैं। जिसमें युवा कांग्रेस संगठन के लिए हरावल दस्ते की तरह हर मोर्चे पर आगे बढ़ कर लड़ाई लड़ती हैं। रोहित ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की गरीब विरोधी नीति का परिणाम देश में महंगाई, बेरोजगारी का स्तर अपने चरम पर पहुंच गया है। आरोपी बृजभूषण सिंह को सुरक्षा और देश के लिए संघर्ष करने वाले राहुल गांधी को सजा, ये कहां का न्याय है? जनता सब देख रही है , अडानी-मोदी के रिश्तों के बारे में जवाब देने में असमर्थ सरकार ने राहुल गांधी को फंसाने का षड्यंत्र रचा। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के रांची, देवघर, जामताड़ा, कोडरमा, रामगढ़ ,बोकारो, धनबाद, सरायकेला-खरसावां, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम , दुमका, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम जिला एवं लीगल सेल की समीक्षात्मक बैठक ली एवं आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज,कुमार रोशन, जमील अख्तर,गौरव सिंह, माइकल मींज,अनंत झा,रविंदर, कमलेश आदि मौजूद थे।

## हज यात्रियों का जत्था पहुंचेगा कोलकाता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हज यात्री अब वापस लौटने लगे हैं। हज यात्री कोलकाता पहुंचेंगे, कोलकाता से फिर वे झारखंड के विभिन्न जिलों में जायेंगे। सभी हाज यात्रियों की लौटने की और उनके फ्लाइट की सूची जारी कर दी गई है। यह लोग पहले कोलकाता एंबार वेकेशन पहुंचेंगे और इसके बाद ट्रेन से झारखंड लौटेंगे। हज उड़ान अनुसूची कोलकाता इंबार्कोशन की तारीखः- 13 जुलाई 2023 है वहीं लैंडिंग का समय- 15:30, उड़ान संख्या एफ 3-7032 यहां 322 हज यात्रियों का जत्था वापस झारखंड के विभिन्न जिलों में लौटेंगे। हज उड़ान अनुसूची कोलकाता 13 जुलाई 2023 लैंडिंग का समय- 19:45 उड़ान संख्या एफ 3-7088 में 309 हज यात्रियों का जत्था लौट रहा है। इस मौके पर हाइड करके लौटने वाले सभी हाजियों स्वागत किया गया। मौके पर झारखंड के अल्पसंख्यक मंत्री हाफिज उल हसन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीए का सहयोगी हरीश ईडी के चार दिनों के रिमांड पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची।** टेंडर मैनेज कर अकूत संपत्ति अर्जित करने और उन पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में गिरफ्तार निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को गुरुवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। पेशी के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट से यह आग्रह किया कि हरीश यादव को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दी जाए। कोर्ट ने ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार की बहस सुनने के बाद चार दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी। उल्लेखनीय है कि टेंडर कमिशन मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों को ईडी ने बीते 24 जून को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल थे। वीरेंद्र राम की काली कमाई खपाने में तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल थे। ये तीनों ने उसकी काली कमाई खपाने में उसका सहयोग करते थे।

## सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स खेल गांव में यातायात पुलिस रांची के तरफ से पुलिस उपाधीक्षक यातायात जीतवाहन उरांव ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जैसे - 18 वर्ष की आयु के बाद ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवा कर वाहन चलाने, ओवर स्पीडिंग नहीं करने ,रॉन्ग साइड ड्राइविंग नहीं करने ,सीट बेल्ट का उपयोग करने ,बिना हेलमेट दो पहिया वाहन नहीं चलाने,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, इत्यादि के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही यातायात नियम उल्लंघन में जुर्माना / सजा का प्रावधान की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में आर्मी के पदाधिकारी कर्नल अमिताभ वर्मा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी यातायात लालपुर आलोक कुमार सिंह सहित लगभग 500 एनसीसी कैडेट जो विभिन्न कॉलेजों एवं स्कूलों से आए थे सभी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल और स्पीकर से मिला जेएसएसयू का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची:** झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन (जेएसएसयू) का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो से मिला। साथ ही 10 से 25 मई तक सांसद-विधायक समर्थन प्राप्त अभियान के 60-40 नाय चलतो का प्राप्त बहुमत दस्तावेज को राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन के माध्यम से सौंपा। जेएसएसयू प्रमुख दवेन्द्र नाथ महतो ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आज अपने लिखित आवेदन के साथ 60-40 नाय चलतो के कुल 72 विधायकों का समर्थन बहुमत दस्तावेज राज्यपाल और स्पीकर को सौंपा गया। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से वर्तमान नियोजन नीति पर हो रही अनियमितता को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। राज्यपाल ने राज्य में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के नियुक्ति विज्ञापन में झारखंड का निवासी नहीं होने की बात को गंभीरता से लेते हुए अन्य राज्यों का नियोजन नीति देखने के बाद झारखंड के नियोजन नीति में भी सुधार तथा मुख्यमंत्री के संज्ञान में देने का सकारात्मक आश्वासन दिया। स्पीकर ने इसी मानसून सत्र में राज्य सरकार को संज्ञान में देने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में प्रियंका एक्का, मोईजुद्दीन अंसारी, लकी रामू, योगेश भारती, रविंद्र कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## स्कूली बच्चों ने पौधरोपण का लिया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** कांके रोड स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में गुरुवार को मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था विवेकानंद यूथक्लेक फाउंडेशन और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

इस दौरान विद्यार्थियों के बीच रांची नगर निगम ने 200 पौधों का वितरण किया। साथ ही विद्यार्थियों को पौधरोपण करने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण और उर्जा संरक्षण करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है।

हम सभी को पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आना होगा। तभी हम एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. डॉ राजेश कुमार, संपत्ति देवी, स्कूल के प्राचार्या डॉ सुषमा तिवारी, श्याम देव प्रसाद सिंह, सुभाष मिश्रा, अमलेंदु गोराई, मालती कच्छप, सुजीता कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नशामुक्त अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बी इंटरनेशनल जिम में नशा मुक्त अभियान चलाया गया । इस मौके पर कहा गया कि हमारा मिशन है नशा मुक्त हो हमारा झारखंड राज्य । इसके तहत रांची में नशा मुक्त अभियान चलाया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जीत गुप्ता के द्वारा यह कार्यक्रम किया गया जीत गुप्ता ने कहा आगे भी ऐसे कार्यक्रम चलाया जाएगा जिससे हमारा रांची शहर हमारा झारखंड नशा मुक्त होगा । वी इंटरनेशनल जिम के संचालक सह कोच नाहिद ने कहा आप व्यायाम करते हैं ताकि सेहत तंदुरुस्त रहें, लेकिन व्यायाम कर रहे हैं और साथ में नशा का सेवन हो रहा है तो यह गलत है। पान,गुटखा,दारु नशे की दवाइयां से खुद बचो और को भी बचाओ।इस मौके पर बिट्टू कुमार ने कहा रांची को नशा मुक्त बनाना है नशा कहीं कारण कई घरों में झगड़ा और और युवा अपराध कर जाते हैं ऐसे में अपराध से बचना है नवयुवक को आगे बढ़ाना आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता जीत गुप्ता कोच नाहिद बिट्टू, माही, अर्णव गुप्ता और कई युवा शामिल थे।

## रांची के बिरसा जेल में बंद कैदी ने खुद का गला रेता, हालत गंभीर

**रांची :** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद एक कैदी ने गुरुवार को गला रेतकर आत्महत्या करने की कोशिश की। आनन-फानन में जेल प्रशासन ने जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद उसे रिम्स भेज दिया। उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। जेल अधीक्षक हामिद अख्तर के मुताबिक, जेल में बंद अन्य कैदियों ने बताया कि कैदी जवाहर लाल बुधवार रात से ही बेचैन था। गुरुवार की सुबह जेल परिसर में कैदियों का बाल-दाढ़ी बनाया जा रहा था। इस बीच जवाहर ने नाई के उस्तरा से खुद का गला रेत लिया।

## गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने गौशाला का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद व उपाध्यक्ष राजू गिरी ने रांची गौशाला न्यास समिती के द्वारा संचालित हरमू रोड स्थित गौशाला एवं सुकुरहुटू स्थित गौशाला का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया । दोनों स्थानों पर गौशाला पहुंचते ही विधि विधान से ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के संग गौ माता का पूजन किया , ततपश्चात पूरे गौशाला का निरीक्षण किया, गौ माताओं की सेवा भी की उन्हें अपने हाथों से गुड़ चोकर एवं हरी घास भी खिलायी । निरीक्षण के मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं मीडिया को संबोधित करते हुए आयोग के नव मनोनीत अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि मेरी पूरी प्रतिबद्धता है कि कैसे राज्य में संचालित गौशाला आत्मनिर्भर बने समाज के सहयोग से तो इनका संचालन हो ही रहा है सरकार के स्तर से आयोग के द्वारा नवीन योजनाए लाकर इनको आत्मनिर्भर बनाया जाये द्य आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि कृत्रिम तरीके से चारा के रूप घास का उत्पादन एवं पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिकोण से गो कास्ट का उत्पादन काबिले तारीफ है, इसके लिए राज्य के अन्य गौशाला को भी प्रेरित किया जायेगा। जल्द कृषि मंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री से वार्ता कर इसका हल निकाला जाएगा द्य उपाध्यक्ष राजू गिरी ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास रहेगा, इस राज्य की पहचान गौ संरक्षक राज्य के रूप में हो गो हत्या एवं गो तस्करी बंद हो। गौशाला न्यास समिति के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के स्वागत संबोधन में कहा की 116 वर्ष पुरानी संस्था के कार्यालय में हमें अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अपने कार्यालय परिसर में स्वागत करते हुए हमे बेहद प्रसन्नता हो रही है। हमे पूरी उम्मीद है इनके कार्यकाल में आयोग निरंतर ऊँचाइयों को छुयेगा । मौके पर ट्रस्टी चेयरमैन रतन जालान, अध्यक्ष पुनीत पोद्दार, सचिव प्रदीप राजगढीया, ट्रस्टी सतीश तुलसयान , वासुदेव माला, मुकेश काबरा, संजय सर्राफ, प्रेम मित्तल, किशोरीलाल चौधरी, दीपक पोद्दार, प्रकाश काबरा, नीरज मह ,छोटेलाल जैन, अरुण बुधिया, खेमचंद्र श्रीवास्तव सहित कई लोग शामिल थे।

## अच्छी शिक्षा के लिए झारखंड की बेटियों को मिलेगी सहायता राशि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती एवं विभिन्न प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला सुपरवाइजर एवं अन्य उपस्थित थे। जिला प्रशासन (समाज कल्याण शाखा) द्वारा रवाना किये गए जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में बाल विवाह, दहेज प्रथा को समाप्त करने और किशोरियों/बालिकाओं के उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रति लोगों को जागरुक किया जायेगा। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। जिसके तहत कक्षा आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं में पढ़ने वाली किशोरियों एवं 18 से 19 वर्ष की किशोरियों को योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन कर किशोरियों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। शेष बचे किशोरियों को लाभान्वित करने हेतु विद्यालय स्तर पर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं, जिले में 55 हजार से अधिक शत किशोरियों को योजनाओं से जोड़कर लाभ प्रदान करना लक्ष्य है। वहीं 18 से 19 वर्ष की ऐसी किशोरियां जो स्कूल से ड्रॉपआउट हो चुकी है को चिन्हित कर आवेदन लिए जा रहे हैं ताकि शत प्रतिशत योग्य किशोरियों को योजना के तहत लाभ प्रदान किया जा सके। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत अच्छी शिक्षा के लिए झारखंड की बेटियों को 40000 रुपये की सहायता राशि मिलेगी। योजना के तहत कक्षा 8वीं में 2500, कक्षा 9वीं में 2500, 10वीं में 5000, कक्षा 11वीं में 5000, कक्षा 12वीं में 5000, 18 से 19 वर्ष की किशोरी को एक मुश्त 20000 बीस हजार रुपये की अनुदान राशि दी जाएगी।

## आरसेटी में किया गया कॉस्टयूम ज्वेलरी उद्यमी प्रशिक्षण का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी जामा, दुमका में कॉस्ट्यूम ज्वेलरी उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें दुमका जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 35 प्रशिक्षणार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि इंडियन बैंक लक्ष्मीपुर शाखा के शाखा प्रबंधक सुमित कुमार,आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी, पाकुड़ से आई महिला प्रशिक्षिका बनपलासी सरकार एवम दीदियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक सुमित कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को कॉस्टयूम ज्वेलरी उद्यमी प्रशिक्षण के बारे मे बतलाए और साथ ही कहा कि कैसे कॉस्टयूम ज्वेलरी से बने सामानों का बाजार में कितना महत्त्व है । उन्होंने सभी प्रतिभागियो को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी अपनी जिम्मेदारी का सही ढंग से निर्वहन करने तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर भविष्य मैं आत्मनिर्भर बने। आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम में मन लगाकर बैंकिंग एवम सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा व अमरदीप कुमार, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार व मनोज कुमार सिंह, संजय सोरन अन्य उपस्थित थे।

# आरसीएमएस इंटक रोहिणी शाखा ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** आरसीएमएस इंटक कार्यालय रोहिणी में बुधवार को यूनियन की बैठक रोहणी शाखा अध्यक्ष पयहारी भगत की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मुख्य रूप से आरसीएमएस इंटक के एनके एरिया अध्यक्ष सह सीसील वेलफेयर बोर्ड सदस्य बीएन पाण्डेय मौजूद थे.बैठक में संगठन को मजबूत करने तथा मजदूरों की समस्याओ पर चर्चा की गई. बैठक को संबोधित करते हुए बीएन पाण्डेय ने कहा की कोयला मजदूरों का आरसीएमएस इंटक पर विश्वास ही यूनियन के लिए सबसे बड़ा पुंजी है. कहा कि कानूनी रूप से यूनियन में उतार चढ़ाव के होने के बावजूद भी मजदूर पुरे विष्वास के साथ यूनियन के प्रति तटस्थ है जो कि यूनियन के लिए गर्व की बात है. वहीं इसके लिए मजदूर बधाई के पात्र है. श्री पाण्डेय ने कहा की बहुत जल्द ही यूनियन अपना स्वरूप में लौटेगा. इसलिए संगठन को मजबूत रखना हम सभी एक-एक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की जिम्मेवारी है. उन्होने कहा कि परियोजना स्तर पर हो या क्षेत्रीय स्तर पर प्रबंधन मजदूरों की समस्याओ पर आरसीएमएस यूनियन की बात को प्रमुखता से सुनता है.पांडेय ने कहा कि मजदूरों का हक व अधिकार दिलाना ही संगठन की पहली प्राथमिकता है. इस संगठन के रहते मजदूरों का कभी अहित नहीं हो सकता. इसलिए मजदूर ज्यादा से ज्यादा आरसीएमएस यूनियन से जुड़े. यूनियन मजदूरों के हर सुख सुविधा का ख्याल रखेगा. बैठक का संचालन यशवंत पाण्डेय ने किया. बैठक में बसंत मुंडा, मुमताज अहमद, पजू महतो, अरूण दुबे, अनिल कुमार, कर्मवीर चैहान, अजय राम, विनय कुमार सिंह, सिकंदर प्रसाद, संतोष सिंह, प्रदीप कुमार पांडे, अभय नारायण, जयंत प्रजापति, बालमुकुंद पांडे, शिव शंकर सिंह, महेश प्रजापति, मो.कुदुस, अब्दुल जलील आदि उपस्थित थे.

# भाजपा गरीबों की पार्टी : कमलेश राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** गुरुवार को कांके विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मालसिरिंग पंचायत के विभिन्न टोलों में भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत घर-घर संपर्क अभियान में लोगो से मुलाक़ात कर उन्हें मोदी सरकार द्वारा 9 वर्षों में कराये गये मुख्य विकास कार्यों की पत्रक व पुस्तिका भेंट की। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता से मोदी सरकार के सफलतम नौ वर्षों की पूर्ण होने पर उनका फीडबैक भी लिया। जिसपर अभियान के दौरान मोदी सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की जमकर सराहना की। ओर अपना समर्थन दिया। वहीं कमलेश राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 सालों में देश के समग्र विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। पिछले 9 वर्षों में करीब 4 करोड़ से अधिक पक्के घर गरीब परिवारों को मिल चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 9 सालों में देश में विकास के हर क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की वजह से वैश्विक स्तर पर भारत को एक नई पहचान मिली है। उनको विदेशों में जो सम्मान मिल रहा है, वह हर भारतवासी का सम्मान है। समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। समाज के अन्तिम पंक्ति पर खड़े लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मौके पर मुख्य रूप से जनक राम, अविनाश साहू, विजय महतो, मुकुल महतो, अजय महतो, विनोद महतो, गणेश राम, जंगल महतो, सोनू कुमार, महावीर महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अधजली शव की हुई पहचान

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली पुलिस ने बिते मंगलवार की देर शाम थाना क्षेत्र के बुढ़ाआम इलाके के एक डोभा से अधजली एवं सड़ी गली अवस्था मे अज्ञात शव बरामद किया था। सिल्ली पुलिस तत्परित कार्य करते हुए जल्द ही शव की पहचान कर लिया। मृतक की पहचान नामकुम थाना क्षेत्र के पलांडु नामकुम निवासी अरुण पाठक का पुत्र अमीत पाठक उम्र 27 वर्ष के रूप मे किया गया। मृतक अपने घर से कुछ दिनों पहले से लापता थे। उनके परिजनों ने लापता होने की सुचना नामकुम थाना मे दिया था।

## प्रतिनिधिमंडल दिल्ली हुआ रवाना

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुरमी / कुड़मी (महतो) समन्वय समिति झारखंड, बंगाल एवं उड़ीसा का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मुरी रेलवे स्टेशन से स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली रवाना हुए। प्रतिनिधिमंडल समाज को आदिवासी जनजाति के सूची में सूचीबद्ध कराने के लिए दिल्ली में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं जनजातीय मंत्री को साक्ष्य के साथ ज्ञापन देंगें। प्रतिनिधिमंडल में समाज के झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के संयोजक लालचन महतो,कुरमी/कुड़मी(महतो) समाज के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खिरोधर महतो पूर्वांचल आदिवासी कुड़मी समाज के प्रदेश सचिव सुभेन्दु माहतो एवं नगड़ापिठ आदिवासी कुड़मी के अध्यक्ष ध्रुवचरण माहतो शामिल हैं।

## गुरु पूजन का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रास्ट्रीय स्वयं संघ विक्रमादित्य नगर टाटीसिल्वे के द्वारा गुरु पूजन कार्यक्रम का विशेष आयोजन लाली रेसिडेंशि मे 16 जुलाई रविवार शाम 05 बजे रखा गया हैं । यह कार्यक्रम वर्ष में एक बार किया जाता है। इसकी जानकारी संघ के शंकर प्रसाद, बृजेश सिंह, राजेश मिश्रा ने सयुक्त रूप से प्रेस को दी।

## मैकलुस्कीगंज से कांवरियों का दल बाबाधाम रवाना

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैकलुस्कीगंज से कांवरियो का एक दल बाबाधाम के लिये रवाना हुआ. मौके पर सबसे पहले भक्तों ने माँ भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना किये तत्पश्चात सभी लोग सुल्तानगंज के लिए रवाना हुए. सुल्तानगंज से सभी लोग जल लेकर बाबाधाम पैदल जाएंगे, बाबाधाम में जल अर्पित के पश्चात बासुकीनाथ में जलार्पण करेंगे. वहाँ से तारापीठ जाकर देवी की पूजा करेंगे. बाबाधाम जाने वालों में मुख्य बसंत कुमार, इंदर साहू, राजू भुईया, बसंती देवी, शाधना देवी, पूनम देवी, उर्मिला देवी, फूलकुमारी देवी, बिलासो देवी शामिल है.

## पांच विस्थापितों को दिया गया मुआवजा राशि का चेक

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेहलीटांड के पांच विस्थापितों को बुधवार को केडीएच प्रबंधन के द्वारा मुआवजा राशिका चेक दिया गया. केडीएच परियोजना कार्यालय में पीओ अनिल कुमार सिंह एवं एकता मंच की सदस्य सह जीप सदस्य सरस्वती देवी के द्वारा जेहलीटांड के चैयता गंझू, फलेंद्र गंझू, अर्जुन गंझू, फागु गंझू एवं सुरेश साव को मुआवजा राशि का चेक दिया. मौके पर मंच के लोगों ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन ने जेहलीटांड के विस्थापितों के 7 साल पहले घरों को तोडा गया था लेकिन लोगों को मुआवजा नही दिया था.पुर्व में एकता मंच के 99 दिनों के धरना प्रदर्षन के बाद सीसीएल प्रबंधन द्वारा मुआवजा राशि को दिया जा रहा है.मौके पर मुख्य रूप से एकता मंच से किरण देवी, रामप्रीत यादव, शिवराम महली, शाहिद अंसारी, इसराइल अंसारी, सागर गंझू, सद्दाम अंसारी, नसीम अख्तर, हसन अंसारी, कीनू गंझू, संजीत उरांव, महावीर गंझू सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## बचरा मे 16 और 17 को लगेगा वोटर आईडी कार्ड शिविर

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबू इमरान के निर्देश पर आगामी 16 और 17 जुलाई को पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में मतदाता पहचान पत्र बनाने और शुद्धिकरण कराने का कार्य किया जाएगा।इसकी जानकारी देते हुए बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने बताया कि शिविर में पंचायत के लोगों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने,मतदाता पहचान पत्र बनाने और सफेद कार्ड को रंगीन बनाने का कार्य किया जाएगा।

## विधायक ने मृतक परिवार को किया सहयोग

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरूवार को प्रखंड के अंतर्गत बरवे पंचायत के बसाती गांव में विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से मृतक राजु उर्फ जफर अंसारी उम्र 45 वर्ष लगभग के परिवार को 52 केजी चावल सहयोग के रूप में दिया गया।और इस संदर्भ में उपस्थित विधायक के सलाहकार रमेश उरांव ने कहा कि खिजरी विधान सभा क्षेत्र के विधायक के माध्यम से पूरे विधानसभा क्षेत्र में गरीब परिवार को इस तरह का सहयोग किया जाता है। और आगे उन्होंने कहा कि कहा कि विधायक और कांग्रेस पार्टी क्षेत्र की आम जनता की समस्याओं को लेकर कटिबद्ध है। और हर संभव मदद करने के लिए तत्पर हैं। मुख्य रुप से औद्योगिक क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि हरी मोहन महतो, झामुमो के सक्रिय नेता सह समाजसेवी अब्दुल मन्नान अंसारी, मुबारक अंसारी, दशरथ नायक, मंटू नायक, इत्यादि परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## विशेष अभियान चलाकर किया जाएगा जन्म-मृत्यु निबंधन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला रजिस्टार के आदेश के आलोक में 14 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान चलाकर जन्म-मृत्यु निबंधन किया जाएगा. इसे लेकर बुधवार को प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें उपस्थित पंचायत सचिव, मुखिया को बताया गया कि जन्म-मृत्यु निबंधन की प्रक्रिया क्या होगी. कोविड के समय जिन लोगों का निबंधन नहीं हो सका है उन्हें खोजकर निबंधन करना है. शून्य से एक वर्ष तक प्रखंड के बीडीओ, एक से अधिक उम्र तक निबंधन का अधिकार सदर अनुमंडल पदाधिकारी का होगा. आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया व एएनएम समन्वय बनाकर कार्य करेंगे. अधिकृत व्यक्ति द्वारा सत्यापन करने के बाद ही निबंधन होगा. जिन लोगों ने पंजीकरण करा लिया है परंतु प्रमाण पत्र नहीं मिल सका है, उनके अभिभावकों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा. उपयुक्त प्रपत्र में आवेदन प्राप्ति के एक माह के अंदर निबंधन कर प्रमाण पत्र निर्गत करना है. कार्यशाला में पंचायत सचिव परीक्षित महतो, पुसा मुंडा, हरकुलशप्रसाद साहू, राजेन्द्र नायक, महावीर महतो, मार्शल तिर्की, मुखिया पारसनाथ उरांव, पुतुल देवी, सुनीता देवी, पुष्पा खलखो, मलका मुंडा, शिवनाथ मुंडा, शीला कुमारी, शिवरत मुंडा, सेवा उरांव, दीपमाला कुमारी, ललिता देवी, कंप्यूटर आपरेटर सूरज कुमार, सहित अन्य पंचायत सचिव उपस्थित थे.

## आओ हाथ मिलाए, पर्यावरण को मिलकर बचाएं अभियान शुरू किया गया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आओ हाथ मिलाये पर्यावरण को मिल कर बचाये अभियान की शुरुआत खूंटी कर्रा बनगांव के संत अन्ना स्कूल से शुरू हुवी जिसका मकसद था पर्यावरण के तरफ आम जनता का ध्यान आकर्षित करना था आज पर्यावरण की प्रस्थिति बिगड़ती चली जा रही है पूरी दुनिया मे पर्यास असंतुलन तेज़ी से बढ़ रहा है ग्लोबल वार्मिंग की समस्या गंभीर होती चली जा रही है जिसके लिए पूरे विश्व को गंभीर होने की आवश्यकता है और समस्या का समाधान भी खुद को करना होगा क्योंकि समस्या हम मनुष्यों के द्वारा की गई है कार्यक्रम में 31 पौधों को लगाया गया , कार्यक्रम आओ हाथ मिलाये संस्था से अध्यक्ष डॉक्टर नाज़िश हसन ने कहा समाज मे जागरूकता तो है पर इसको लेकर जो गंभीरता की आवश्यकता है उसकी कमी है वहीं स्कूल की प्राचार्य सिस्टर सिसिलिया हेम्ब्रम , सिस्टर बेरोनिका कुजूर, सिस्टर निर्मला मिंज , सिस्टर रेशमा तिर्की ने कहा कि स्कूल के बच्चों में अगर पर्यावरण को लेकर गंभीरता रहेगी तो हरा भरा समाज का निर्माण होगा ।




## पुरानी राय से बाबाधाम के लिए रवाना हुआ कांवरियों का जत्था

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के पुरानी राय से बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण करने हेतु कांवरियों का एक जत्था गुरूवार को बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ।कांवरियों के इस जत्थे में शामिल धर्मनाथ महतो, राजेश महतो,प्रेम प्रसाद, मुकेश महतो,दीपक महतो, जलेश्वर महतो,पवन महतो, दिनेश महतो,रवि कुमार, अमलेश कुमार,मंटोक कुमार, प्रेम प्रजापति के साथ अन्य सभी श्रद्धालुओं का नाम शामिल है।बाबाधाम जाने से पूर्व सभी श्रद्धालु भक्त झारखंडी शिव मंदिर पुरानीराय में पूजा करने के बाद देवघर के लिए रवाना हुए।सभी कावरियों को तारकेश्वर महतो,दिलीप महतो एवं दीपक महतो ने यात्रा के मंगलमय होने की शुभकामना के साथ विदा किया।



## छात्रहित को देखते हुए थाना इस पर तत्परता दिखाएं : अमन अहमद

**कांके (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांके विधानसभा युवा कांग्रेस का प्रतिनिधिमण्डल उपाध्यक्ष मो.हुसैन अंसारी के नेतृत्व में कांके थाना प्रभारी ने नाम ज्ञापन सौंपा । राजकीय +2 उच्च विद्यालय में हुसैन अंसारी ने अवगत कराया की थाना से कुछ दूरी पर गवर्नमेंट टेन प्लस टू स्कूल है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं और वहां पर बाहर के कॉलेजों के कुछ छात्र एवं असामाजिक तत्वों के लोग आकर वहां पर गुंडागर्दी करते हैं इसलिए कम से कम एडमिशन तक थाना के तरफ से पेट्रोलिंग हो और असामाजिक तत्व के लोगों को भगाने में अपनी भूमिका निभाऐ ताकि आने वाले दिनों में छोटी-मोटी घटनाओं से हम अपने आप को बचा सकते हैं । एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमन अहमद ने कहा छात्र हित को देखते हुए थाना इस पर तत्परता दिखाएं क्योंकि एनएसयूआई हमेशा छात्र हित की बात करता है ।

मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित कांके विधानसभा महासचिव नीलेश मिश्रा, पूर्व जिला महासचिव आशिक अंसारी,




## उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(खनन शाखा)

### आदेश

**रजरप्पा थाना परिसर में भण्डारित लघु खनिज बालू का आम नीलामी हेतु सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रजरप्पा थाना परिसर में भण्डारित 3000 (तीन हजार) घन फीट लघु खनिज बालू का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधित) नियमावली, 2019 के नियम 54 A के तहत उक्त स्थल पर जब्त भण्डारित बालू खनिज का आम नीलामी दिनांक 21.07.2023 को समय 4.00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता, रामगढ़ की अध्यक्षता में जिला समाहरण के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत् है–

| क्र0 | भण्डारण स्थल | भण्डारित बालू की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रजरप्पा थाना परिसर | लगभग 3000 घन फीट | बालू खनिज का बिक्री मूल्य– प्रति 1 (एक) cft @ Rs. 7.50 की दर से = 3000 x 7.50 = 22500.00 रू0 (बाईस हजार पाँच सौ रूपया) | 2250.00 रू0 (दो हजार दो सौ पचास रूपया) |

2. नीलामी में भाग लेनेवाले व्यक्ति/संस्था भारत के नागरिक होंगे तथा उनके पक्ष में रामगढ़ जिलान्तर्गत कोई निर्माण/विकास कार्य आवंटित/रामगढ़ जिलान्तर्गत खनिज अनुज्ञप्तिधारी हो।
3. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिये नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
4. नीलामी के उपरांत उच्चतम डाक की राशि के भुगतान के साथ–साथ आयकर के मद में उच्चतम डाक की राशि का 2% राशि नियमानुसार देय होगा।
5. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति पर बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
6. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से 10 कार्य दिवस के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा
7. उक्त खनिज की नीलामी सम्पन्न होने के उपरान्त नीलामी की राशि पूर्ण रूप से जमा किये जाने के उपरान्त पत्थर खनिज का निष्पादन/प्रेषण हेतु JIMMS Portal द्वारा अस्थायी आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
8. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरांत अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
9. खनिज के प्रेषण के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
10. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 13.07.2023 समय 11.00 बजे पूर्वाह्न से दिनांक 19.07.2023 समय 05.00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नांकित वांछित कागजात स्व अभिप्रमाणित कर संलग्न करना होगा।

(i) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम से बैंक ड्राफ्ट।
(ii) पैन कार्ड की छायाप्रति।
(iii) विगत तीन वर्ष का आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
(iv) GST निबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
(v) आवंटित कार्य के कार्यादेश की छायाप्रति/डीलर्स निबंधन की छायाप्रति।
(vi) पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रति।
(vii) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि खनन विभाग से संबंधित भुगतान बकाया/लंबित नहीं हो एवं किसी विभाग द्वारा उनका नाम/संस्था का नाम काली सूची में दर्ज न हो।

नोटः– विशेष जानकारी के लिये जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
अपर समाहर्ता, रामगढ़।

PR 302255 (Mines and Geology) 23-24 (D)



## उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(खनन शाखा)

### आदेश

**PVUNL, पतरातु अन्तर्गत Near CHP Transfer Point में भण्डारित 30000 घन मीटर (तीस हजार) एवं Near Wagon trippler में भण्डारित 30000 घन मीटर (तीस हजार) कुल 60000 घन मीटर (साठ हजार) पत्थर बोल्डर खनिज की आम नीलामी हेतु सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि PVUNL, पतरातु अन्तर्गत Near CHP Transfer Point में भण्डारित 30000 घन मीटर (तीस हजार) एवं Near Wagon trippler में भण्डारित 30000 घन मीटर (तीस हजार) कुल 60000 घन मीटर (साठ हजार) में भण्डारित लघु खनिज पत्थर बोल्डर को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधित) नियमावली, 2019 के नियम 54 A के तहत आम नीलामी दिनांक 21.07.2023 को समय 4.30 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता, रामगढ़ की अध्यक्षता में जिला समाहरण के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत् है–

| क्र0 | भण्डारण स्थल | भण्डारित पत्थर बोल्डर की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PVUNL, पतरातु अन्तर्गत Near CHP Transfer Point | लगभग 30000 $m^3$ / 1059450 cft | ₹ 15.79 x 1059450 cft = ₹ 1,67,28,716.00 | |
| 2 | PVUNL, पतरातु अन्तर्गत Near Wagon trippler | लगभग 30000 $m^3$ / 1059450 cft | ₹ 15.79 x 1059450 cft = ₹ 1,67,28,716.00 | |
| | कुल | लगभग 60000 $m^3$ / 2118900 cft | ₹ 3,34,57,431.00 | 33,45,743.00 |

2. नीलामी में भाग लेनेवाले व्यक्ति/संस्था भारत के नागरिक होंगे तथा उनके पक्ष में रामगढ़ जिलान्तर्गत कोई निर्माण/विकास कार्य आवंटित/रामगढ़ जिलान्तर्गत खनिज अनुज्ञप्तिधारी हो।
3. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिये नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
4. नीलामी के उपरांत उच्चतम डाक की राशि के भुगतान के साथ–साथ आयकर के मद में उच्चतम डाक की राशि का 2% राशि नियमानुसार देय होगा।
5. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति पर उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर नीलामी वाले राशि को राशि को बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
6. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से 10 कार्य दिवस के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा
7. उक्त खनिज की नीलामी सम्पन्न होने के उपरान्त नीलामी की राशि पूर्ण रूप से जमा किये जाने के उपरान्त पत्थर खनिज का निष्पादन/प्रेषण हेतु JIMMS Portal द्वारा अस्थायी आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
8. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से छः माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरांत अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
9. पत्थर खनिज के प्रेषण के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
10. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 13.07.2023 समय 11.00 बजे पूर्वाह्न से दिनांक 19.07.2023 समय 5.00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नांकित वांछित कागजात स्व अभिप्रमाणित कर संलग्न करना होगा।

(i) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम से बैंक ड्राफ्ट।
(ii) पैन कार्ड की छायाप्रति।
(iii) विगत तीन वर्ष का आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
(iv) GST निबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
(v) आवंटित कार्य के कार्यादेश की छायाप्रति/डीलर्स निबंधन की छायाप्रति।
(vi) पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रति।
(vii) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि खनन विभाग से संबंधित भुगतान बकाया/लंबित नहीं हो एवं किसी विभाग द्वारा उनका नाम/संस्था का नाम काली सूची में दर्ज न हो।

नोट :– विशेष जानकारी के लिये जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
अपर समाहर्ता रामगढ़

PR 302257 Mines and Geology(23-24)#D



## नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट
## सी.बी.एस.ई. संबद्ध +2 विद्यालय
### संबद्धता संख्या – 3420006, विद्यालय संख्या – 69558

(नेतरहाट विद्यालय समिति, सोसाइटी निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एवं स्वायत्तशासी संस्था एच.ई.सी. एम.डी.आई भवन, धुर्वा, राँची–834004, निबंधन संख्या : 688/2009–2010 के द्वारा संचालित)

**नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2023–24**

विज्ञापन संख्या –981    दिनांक–10.07.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट की कक्षा – 6 में 10 से 12 वर्ष के स्वस्थ बालकों के सत्र–2023–24 में नामांकन हेतु लिखित प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इससे संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ निम्नवत् हैं:–

1. प्रवेश परीक्षा एक स्तरीय होगी जो दो पालियों (2–2 घंटे की) में प्रमंडल स्तर पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा परिणाम के आधार पर मेधा क्रमानुसार आरक्षण का पालन करते हुए अंतिम रूप से चयनित 100 (एक सौ) छात्रों की चिकित्सीय जाँचोपरान्त सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात् ही उनका नामांकन लिया जायेगा

2. परीक्षा आवेदन कार्यक्रम :–

| क्रम सं0 | विवरणी | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञप्ति/आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ | 12.07.2023 |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि/भरा हुआ आवेदन नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पहुँचने की अंतिम तिथि | 31.08.2023 |
| 3. | ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि | 25.09.2023 से प्रारम्भ |
| 4. | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 08.10.2023 (रविवार) |

3. प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक योग्यताएँ/शर्तें निम्नांकित हैं :–
(क) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
(ख) 01 अगस्त 2023 को जिनकी उम्र 10 वर्ष से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो, अर्थात जिनका जन्म दिनांक–01.08.2011 से 31.07.2013 के बीच हुआ हो (दोनों तिथियाँ शामिल)। सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
(ग) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा– 5 की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके प्रमाण स्वरूप अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से हस्ताक्षरित कक्षा–5 का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।
(घ) अभ्यर्थी यदि आरक्षित वर्ग से हों तो सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र यथाः–अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
(ङ.) उपरोक्त सभी प्रमाण पत्र अनिवार्य है। प्रमाण पत्रों के अभाव में आवेदन स्वतः रद्द माना जाएगा।
ध्यातव्य हो कि नामांकन के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति को उपस्थापित करना अनिवार्य होगा।

4. सामान्य निर्देशः–
(i) प्रवेश परीक्षा का स्वरूप निम्नवत् है:–

| | विषय | अंक | प्रश्न स्वरूप |
|---|---|---|---|
| प्रथम पाली (09:30 पूर्वाह्न से 11:30 पूर्वाह्न ) | | | |
| प्रश्नपत्र –1 (100 अंक) | हिन्दी | 50 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 20 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति – 30 अंक |
| | गणित | 50 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 20 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति – 30 अंक |
| द्वितीय पाली (01:00 अपराह्न से 03:00 अपराह्न) | | | |
| प्रश्नपत्र –2 (100 अंक) | मानसिक योग्यता | 30 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 30 अंक |
| | विज्ञान | 35 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 15 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति – 20 अंक |
| | सामान्य ज्ञान | 35 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति – 15 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति – 20 अंक |
| | कुल अंक | 200 | |

(ii) लिखित प्रवेश परीक्षा प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय में आयोजित की जायेगी जिसकी सूची निम्नवत् है :–

| प्रमण्डल | प्रमण्डल मुख्यालय | जिला |
|---|---|---|
| कोल्हान | चाईबासा | पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां |
| उत्तरी छोटानागपुर | हजारीबाग | बोकारो, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ |
| दक्षिणी छोटानागपुर | रांची | गुमला, खुँटी, लोहरदगा, रांची, सिमडेगा |
| पलामू | मेदिनीनगर | गढ़वा, लातेहार, पलामू |
| संथाल परगना | दुमका | गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़ |

(iii) प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों का स्तर सामान्यतः पाँचवीं कक्षा तक का होगा।
(iv) यह सूचना नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर भी उपलब्ध है।
(v) आवेदन जमा करने की विधि : आवेदन online एवं offline मोड में उपलब्ध है:–
a) Online Mode:- विद्यालय के वेबसाइट Online आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर Online आवेदन के दिशा–निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।
b) Offline Mode:- आवेदन हेतु आवेदन पत्र नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com से डाउनलोड कर सुलभ रूप से प्राप्त कर सकते हैं।

भरे हुए आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यतः सभी अनुलग्नकों यथा– स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र/ आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र (यदि आरक्षित वर्ग के हों), कक्षा–5 का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्वाभिप्रमाणित प्रति को स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस प्रकार भेजें कि आवेदन निम्न पते पर दिनांक – 31.08.2023 को शाम–5:00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाए। आवेदक भरा हुआ आवेदन हाथों–हाथ भी दिनांक – 31.08.2023 तक निम्न पते पर जमा कर सकते हैं। दिनांक – 31.08.2023 के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन पत्र भेजने/जमा करने का पता :–
प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट, पोस्ट–नेतरहाट, जिला–लातेहार, पिन–835218

(vi) अभिभावक कृपया ध्यान दें कि उनके द्वारा दिए गये प्रमाण पत्रों में किसी भी प्रकार का असत्य पता चलने पर विद्यार्थी एवं अभिभावक के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।
(vii) आवेदन शुल्क :– आवेदन पूर्णतः निःशुल्क है।
(viii) प्रवेश परीक्षा से सम्बन्धित सूचनाएं नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर समय–समय पर उपलब्ध रहेगी।

ह0/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट

PR.NO.302219 Human Resource Developement(23-24):D

## परसुडीह में बच्चों ने चित्रों के माध्यम से उकेरी स्वच्छता की तस्वीर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरूवार को स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत कार्यक्रम के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उदेश्य से बच्चों ने अपनी चित्रकारी से विभिन्न आयामों को कागज पर उकेरा। चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन परसुडीह स्थित राजेन्द्र एण्ड संस पेट्रोल पंप पर भारत पेट्रोलियम द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 55 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो ग्रुपों में आयोजित की गई। प्रथम ग्रुप में प्रथम सुमन मुंडा, द्वितीय सावन सरदार एवं तृतीय शिवानी भूमिज ने बाजी मारी। दूसरे ग्रुप में प्रथम स्थान सरस्वती सरदार, द्वितीय कुंती हेंब्रम एवं तृतीय स्थान सरिता राय ने प्राप्त किया। विशेष पुरस्कार केरला समाजम मॉडल स्कूल की नन्हीं छात्रा प्रणिका गुप्ता को दिया गया। मौके पर कंपनी के अधिकारी नीतीश कुमार ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी मंगल पात्रों, प्रगति गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, विकास कुमार, अमित सात्रा, लखन विक्रांत आदि उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन राजेन्द्र साह राज ने किया।

## सुवर्ण वणिक समाज को ओबीसी सूची में सूचीबद्ध करने की मांग को ले मिले सांसद से



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुवर्ण वणिक समाज के केंद्रीय अध्यक्ष विश्वनाथ चन्द्र के नेतृत्व में समाज का एक प्रतिनिधिमंडल अपने एक सूत्री मांग केंद्रीय ओबीसी सूची में सुवर्ण वणिक समाज को सुचिबद्ध करने को लेकर जमशेदपुर के सांसद माननीय विद्युत वरन महतो से शिस्टाचार मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा गया। मांगपत्र को गंभीरता से लेते हुए सांसद ने आश्वस्त किया की इसे इसी मानसून सत्र में मांग से सम्बन्धित प्रश्न सदन में रखूँगा द्य प्रतिनिधिमंडल में विश्वनाथ चन्द्र, डॉ के एल पाल, धनंजय चन्द्र, नारायण पोद्दार, रवि माझी, प्रशांत पोद्दार, संजय दत्ता, सनोज चन्द्र, कंचन दत्ता, विनोद माझी उपस्थित थे।

## पुरेंद्र के प्रयास से टोल ब्रिज मोड़ पर लगा एलईडी हाईमास्ट लाइट

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा-कांड्रा मार्ग स्थित टोल मोड़ के ट्रैफिक चेकिंग पॉइंट के पास खराब पड़े एलईडी हाई मास्ट लाइट को एटीबीसीएल द्वारा मरम्मती कर चालू कर दिया गया। उक्त नए एलईडी हाईमास्ट लाइट में 200 वाट के 12 एलईडी लाइट लगे हुए हैं जिसकी कवरेज क्षमता 50 मीटर है। विदित है कि पूर्व में लगाया गया सभी 400 वाट के 12 सोडियम वेपर लाइट और चौक कई माह से खराब पड़ा था। वहीं पूर्व उपाध्यक्ष ने एटीवीसीएल प्रबंधन से मुलाकात कर टोल मोड़ के निकट एक सुलभ शौचालय और मिनी वाटर सप्लाई स्कीम के तहत पेयजल की व्यवस्था किए जाने की मांग भी किया।



एटीबीसीएल प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल में संतोष यादव, मिथिलेश कुमार झा आदि भी शामिल थे।

## मंत्री चम्पई सोरेन ने दी शहीद रतिलाल महतो को श्रद्धांजलि

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रसिद्ध मजदूर नेता शहीद रतिलाल महतो के 24वें शहादत दिवस पर गम्हरिया के ऊपरबेड़ा मैदान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा ऊपरबेड़ा मैदान स्थित उनकी प्रतिमा पर फूलमाला पहना कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शहीद रतिलाल महतो स्मृति समिति की ओर से आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंत्री चम्पई सोरेन उपस्थित थे। इस मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष अमृत महतो, प्रखंड अध्यक्ष जगदीश महतो, मनदीप महतो, मनिल महतो, राजेश महतो, चन्दन महतो, वीरेन महतो समेत कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खूंटी लोकसभा के पूर्व सांसद प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने पंचायत अध्यक्षों के साथ की मुलाकात



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी लोकसभा के कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का 12 व 13 जुलाई को दो दिवसीय खरसावां दौरा रहा। वहीं खरसावां दौरे पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कोंदो कुम्हार के नेतृत्व में सभी पंचायत अध्यक्ष का घर जाकर मुलाकात कर आगामी 2024 में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी के साथ सभी पंचायत एवं बूथ को मजबूती प्रदान कर अभी से ही लग जाने के लिए पंचायत अध्यक्ष बुथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं से अपील की। मौके पर श्री मुंडा ने रीडिंग पंचायत में सुभाष कुम्हार विटापुर पंचायत में हरीश महतो चिलकु पंचायत में रामप्रसाद गोप शिमला पंचायत में सुदाम कैवर्त बुरुडीह पंचायत में बुधराम दिग्गी खरसावां पंचायत में मोहम्मद साकिब बरडाआमदा पंचायत में सुभाष मल्लिक जोजोड़ी पंचायत में अर्जुन हेंब्रम कृष्णापुर पंचायत में टिपुराम मुंडा जोरडीहा पंचायत में तूराम बोदरा से मुलाकात कर संगठन की विस्तार व मजबूती पर विचार विमर्श किया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश सचिव छोट राय किस्कू युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा प्रखंड अध्यक्ष कोंदो कुम्हार शंकर लोवादा बलभद्र महतो कन्हैयालाल सामाड सौरव तांती करन हेंब्रम विरेंद्र कुम्हार सुभाष कुम्हार सूरज सामाड अमरुल्ला अंसारी अकुल पुष्टि अनावरूल हक लक्ष्मीनारायण प्रधान ईश्वर बानरा सारतुक प्रमाणिक सोमनाथ सामाड अनुप्रिया सोय वीरेंद्र प्रधान साकरी दोंगो अजीत काडियान आदि उपस्थित थे।

# एसीबी ने गम्हरिया अंचल अमीन को घूस लेते किया गिरफ्तार, मचा हड़कंप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जमशेदपुर प्रमंडल ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है. जहां एसीबी की टीम ने गम्हरिया अंचल अमीन राज किशोर भगत को दस हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा है. एसीबी की टीम घूसखोर अमीन को गिरफ्तार कर अपने साथ जमशेदपुर ले गई है. मिली जानकारी के अनुसार अंचल के मोतीनगर निवासी मनोज कुमार सिंह ने अपनी पत्नी के नाम से एक जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन किया था. बार-बार आग्रह करने के बाद भी अमीन द्वारा जमीन की मापी नहीं की जा रही थी. ना ही उन्हें नक्शा उपलब्ध कराया जा रहा था. नक्शा के एवज में अमीन द्वारा 15 हजार रुपये की मांग की जा रही थी. वादी ने दस हजार देने की शर्त रखी. जिस पर अमीन राजी हो गया. वादी ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से कर दी. इसके बाद एसीबी के बिछाए जाल के अनुसार गुरुवार को वादी पैसे लेकर अंचल कार्यालय पहुंचा. जहां पूर्व से ही सादे लिबास में तैनात एसीबी की टीम ने घूसखोर अमीन को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा और उन्हें गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई. इधर एसीबी की इस कार्रवाई के बाद अंचल कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है.



## कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी के जन्मदिन पर दो सौ यूनिट रक्तदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था समर्पण एवं बदलाव के तत्वावधान में बारीडीह सामुदायिक सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के जन्मदिन पर 200 रक्तदाताओं जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का संचालन जमशेदपुर रक्त केन्द्र के सहयोग से किया गया। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने रक्तदान शिविर में शामिल होने वाले सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ श्रुतीश्री के साथ दस सदस्यीय टीम ने रक्तदान शिविर में योगदान प्रदान किया। इस अवसर पर मौलाना अंसार खान और जिला महासचिव अशोक ठाकुर ने आनंद बिहारी दुबे को शॉल और फूलों की मालाएं पहनाकर उनकी लंबी उम्र के लिए दुआएं की। बारीडीह सामुदायिक सेंटर में डॉक्टरों के बीच लड्डू वितरण किया गया। संस्था के सदस्य सन्नी सिंह, सरोज पाण्डेय, निखिल तिवारी, अरविंद महानंद, सुशील घोष, दिपक कर्मकार, सचिन कुमार सिंह, गुरूपदो गोराई, धर्मा राव, अमृत पाल सिंह, सलीम खान कोषाध्यक्ष, गौरव कुमार ने सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर टाटा स्टील के वीपी उत्तम सिंह ने भी शिविर में उपस्थित हो कर रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया।

## भाजपा के वरीय नेताओं ने अनशन पर बैठे रमेश हंसदा का तोड़वाया अनशन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** पब्लिक दुर्गा पूजा मैदान सरायकेला में भाजपा नेता रमेश हंसदा अपने समर्थक ग्रामीण एवं कार्यकर्ताओं के साथ हुदू डूमरा जर्जर सड़क निर्माण और राजनगर में डिग्री कालेज सहित कुछ अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे थे। अनशन के चौथे दिन गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर वरीय भाजपा नेताओं ने जूस पिला कर अनशन तोड़वाया। रमेश हंसदा ने बताया कि राज्य के परिवहन मंत्री चंपाई सोरेन के इशारे पर झारखंड सरकार और प्रशासन ने इनकी सुध नहीं ली। और अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ने लगी। अनशनकारियों को भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मेयर विनोद श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष विजय महतो, पूर्व डिप्टी मेयर बाबी सिंह, सरायकेला नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्षा मीनाक्षी पटनायक, सरायकेला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गणेश महाली एवं भाजपा जिला प्रभारी जेबी तुबिद ने अनशनकारियों को मना कर जूस पिलाते हुए अनशन तोड़वाया गया।

## मन में कपट भाव रखने वालों को भगवान ने असुंदर माना हैं : सीताराम शास्त्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर तुलसी भवन में चल रहे भागवत कथा के छठवें दिन गुरूवार को कथावाचक सीताराम शास्त्री ने व्यास पीठ से रास लीला, उद्धव गोपी संवाद एवं रूकमणि चरित्र प्रसंग का सुंदर व्याख्यान करते हुए कहा कि जिसका हृदय सुंदर हैं, वही वास्तव में सुंदर हैं। जीव और ब्रह्म की एकता का नाम ही रास हैं। महाराज जी सातवें दिन शुक्रवार की सुबह सुदामा चरित्र, श्री कृष्ण स्वधाम गमन का प्रसंग सुनायेंगे। कथा प्रसंग के बाद हवन एवं पुर्णाहुति के साथ कथा का विश्राम होगा। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु देर संध्या तक जमे रहे। एकादशी के दिन कथा वाचक सीताराम शास्त्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल एवं राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल के हाथों गो दान किया गया। स्वास्थ्य सेवा के तहत लगभग 200 से अधिक लोगों ने निःशुल्क शुगर और ब्लड टेस्ट करवाकर जांच शिविर का लाभ उठाया। झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन और मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर द्वारा आयोजित भागवत कथा में गुरूवार की शाम को रुकमणी विवाह कथा प्रसंग के दिन चक्रधरपुर की दो कन्याओं की शादी करायी गयी। लक्ष्मी संग गोपाल लागुरी और सोदरा संग मिसरों गोप की शादी हुई। दोनों जोड़ी को कथावाचक सीताराम शास्त्री ने गुरूवार को रुकमणी विवाह और एकदशी के शुभ अवसर पर कथा के दौरान तुनसी भवन में आयोजित हुए सभी कार्यक्रमों में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रांची से नीरा बथवाल, राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, धनबाद के गोविंदपुर से प्रांतीय पूर्व अध्यक्ष रेणु दुदानी, समाजसेवी प्रभाकर अग्रवाल, चाईबासा, जादूगोड़ा और धनबाद शाखा की महिलाएं भी शामिल हुई।



## ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के झिमड़ी हेसलोंग स्टेशन के बीच में एक अज्ञात व्यक्ति हटिया टाटा पैसेंजर से टकराने से मौके पर ही व्यक्ति की मौत हुआ, इसकी सूचना झिमड़ी स्टेशन अधीक्षक से प्राप्त हुआ। घटना रात के करीब 1 बजे की बताया जा रहा हे, घटना को लेकर रेल प्रशासन को सूचना दिया गया हे, मृत व्यक्ति की पहचान ओड़िया पंचायत के दुलमी गांव के निवासी गिडी लायक( 26) के रूप में हुआ हे । ग्रामीणों के अनुसार युवक के दिमागी हालत खराब था। जानकारी देते हुए मुरी चांडिल रेल पुलिस के सुइसा प्रभारी रघुवीर सिंह ने बताए घटना की सूचना देर रात को प्राप्त हुआ जिसमे करवाई करते घटना स्थल पर पहुंचे। जहा से मृत को ग्रामीणों ने उठा लिया था, जिसे लेकर नीमडीह थाना को सूचित किया। निमडीह पुलिस ने ग्रामीणों के संपर्क साधे उस दौरान ग्रामीणों के लिखित आवेदन पर आगे की प्रशासनिक करवाई नहीं किया गया।

## तिरूलडीह कुदा में विद्युत शक्ति उपकेंद्र का हुआ उद्घाटन, 45 गांव होंगे लाभावंतित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह कुदा में विद्युत शक्ति उपकेंद्र का विधिवत उद्घाटन सांसद संजय सेठ, विधायक सविता महतो व जिला परिषद के अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर, फीता काटकर व शिलापट्ट अनावरण कर किया गया । साढ़े तीन करोड़ की लागत से निर्मित झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड का 33/11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र का उद्घाटन के साथ शुभारंभ होने से कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में अनियमित बिजली आपूर्ति से लोगों को निजात मिलेगी। वर्षो से बिजली उपभोक्ता विद्युत शक्ति उपकेंद्र को चालु करने का बाट जोह रहे थे। वहीं सांसद संजय सेठ ने बताया कि करीब 4-5 वर्ष पूर्व बिजली उपकेंद्र का शिलान्यास हुआ था। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन करोड़ की लागत से इसका निर्माण हुआ और करीब 45 गांवों में अनियमित बिजली आपूर्ति से लोगों को राहत मिलेगी। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि आज ऐतिहासिक क्षण है, जहां बिजली उपकेंद्र का शुभारंभ किया गया। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू, सारथी महतो, अनील सिन्हा, काबलु महतो आदि थे।



## कुचाई के अरुवां व पोंडाकाटा में पंचायत स्तरीय मासिक समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरायकेला खरसावां जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार गुरूवार को कुचाई प्रखंड क्षेत्र के अरूवां व पोंडाकाटा पंचायत सचिवालय में विभागीय एवं सामुदायिक कर्मियों के साथ मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अरूवां पंचायत में मुखिया सरस्वती मींज एवं पोंडाकाटा पंचायत में मुखिया अनुराधा उरांव ने की बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों ने विकास कार्य पर जानकारी दी। साथ ही पंचायत स्तर में चल रहे विकास कार्य के प्रगति की जानकारी ली गई। मौके पर मुखिया मिंज ने कहा कि राज्य के ग्राम पंचायतों के विकास कार्यो की स्थिति की समीक्षा के लिए प्रत्येक माह ग्राम पंचायत में बैठक करना अति आवश्यक है। बैठक में मुख्य रूप से पंचायती राज पदाधिकारी सह पंचायत सचिव अशोक कुमार महतो पंचायत सचिव राजकुमार साहू पंचायत सचिव रुपा कुमारी रोजगार सेवक विकास गोप नंदलाल गोप शिक्षक विजय सोय गुरूचरण महतो सुर्यनारायण उरांव महेश मींज आदि शिक्षक व आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थे।



## टीआरएफ कंपनी में डायमंड जूबिली कार्यक्रम का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टीआरएफ कंपनी में नवंबर माह से मनाए जा रहें डायमंड जूबिली कार्यक्रम का आज समापन हुआ। इस कार्यक्रम में कंपनी के प्रबंध निदेशक उमेश कुमार सिंह, टाटा रांबिन्स फ्रेजर लेबर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय एवं कंपनी के पूर्व सी.एच.आर.ओ. राशिद जाफरी उपस्थित थें।राकेश्वर पाण्डेय ने अपने भाषण में कंपनी द्वारा किए जा रहें कार्यो की सराहना की एवं कहा कि कंपनी प्रोडक्शन, क्वालिटी, एथिक्स एवं सेफ्टी सभी दिशाओं में अव्वल है एवं इसे बरकरार रखने की आवश्यकता है। प्रबंध निदेशक उमेश कुमार सिंह ने वर्तमान उपलब्धियो पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कंपनी के सभी कर्मचारियों की मेहनत एवं लगनशीलता की तारीफ की एवं कहा कि भविष्य में भी इसी तरह हम सभी मिलकर कंपनी को आगे बढ़ाना है। कंपनी के सी.एच.आर.ओ. अभिजीत सिंह ने इस दौरान किए गए सभी गतिविधियों को विस्तार से बताया। इस मौके पर कंपनी द्वारा सभी कर्मचारियों को टाईटन रिस्ट वॉँच दिया गया।

### टाटा स्टील मीडिया एथिक्स क्विज 2023 का आयोजन

## परविंदर व मनप्रीत की जोड़ी रही विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने सेंटर फॉर एक्सीलेंस, जमशेदपुर में मीडिया के लिए एथिक्स क्विज का आयोजन किया। क्विज में जमशेदपुर के 24 से अधिक मीडियाकर्मियों ने भाग लिया, जबकि जमशेदपुर के कई प्रतिष्ठित पत्रकार क्विज देखने आये। क्विज़ की शुरुआत 30 प्रश्नों के प्रारंभिक दौर से हुई, जिसका उत्तर प्रतिभागियों को प्रत्येक टीम में 2 सदस्यों के समूह में देना था। क्विज़ को प्रतिभागियों के नैतिकता के ज्ञान और वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में नैतिक सिद्धांतों को लागू करने की उनकी क्षमता का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। परविंदर भाटिया (द पायनियर) और मनप्रीत सिंह भाटिया (एवेन्यू मेल) की टीम एथिक्स क्विज 2023 की विजेता बनी। प्रभात खबर के ब्रजेश सिंह और सनम कुमार सिंह की टीम उपविजेता बनी, जबकि अंजनी पांडे (सहारा समय) और नानक सिंह (सहारा समय) की टीम क्विज़ में तीसरे स्थान पर रही। टाटा स्टील के चीफ कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस सर्वेश कुमार और टाटा स्टील के चीफ एथिक्स काउंसलर सोनी ने विजेताओं को पुरस्कार दिए। मीडिया के लिए आयोजित इस पहले एथिक्स क्विज के क्विज मास्टर टाटा स्टील के सीनियर मैनेजर, कॉरपोरेट एथिक्स अमित कुमार मोदक थे। यह क्विज़ टाटा स्टील के एथिक्स मंथ के जश्न का हिस्सा था, जो हर जुलाई में संगठन की नैतिक संस्कृति को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है।भाजपा के वरीय नेताओं ने



## नन्दी बाबा पी रहें पानी की अफवाह में उमड़े श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में शिवालयों में नन्दी बाबा पानी पीते देखा जा रहा है। नन्दी बाबा द्वारा पानी पीने का अफ़वाह से पानी पिलाने के लिए शिवालयों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। दो दिनों से रात तक लोगों का काफी उत्साह के साथ नन्दी बाबा को पानी पिलाने में होड़ लगा रहा। शिवलिंगों के पास अवस्थित नन्दी बाबा का पानी पीने का अफ़वाह आग की तरह फैली. बुधवार से ही ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं ने नन्दी बाबा को पानी पिलाने में लग गए। जैसे जैसे सुचना मिलने लगा लोग आव देखा न ताव, तुरंत घरों से निकलकर लोग शिवालयों में थाली व लोटा में जल लेकर पहुंचे। लोग इसे श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ का चमत्कार समझ रहे हैं। नए जेनरेशन के शिक्षित युवाओं में भी नन्दी बाबा को पानी पिलाने में काफी विश्वास देखा गया। इसे आस्था कहें या फिर अंधविश्वास। वहीं ग्रामीण युवक दिपांशु कुमार ने बताया कि एक महिला द्वारा नन्दी बाबा को पानी उड़ाते हुए देखा कि नन्दी बाबा पानी पी रहे है। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं भी कई श्रद्धालुओं को पानी पिलाते देखा, स्वयं पत्थर का नन्दी बाबा पानी पी रहे थे। उन्होंने कहा कि धार्मिक दृष्टिकोण से यह चमत्कार ही है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों लोग एक एक लोटा पानी पीला रहे हैं,अगर नन्दी बाबा पानी नहीं पी रहे हैं तो आखिर पानी कहां जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे गांव चोगा आदारडीह के शिवालय में भी यह चमत्कार देखा जा रहा है।



## जिला नियोजनालय सरायकेला परिसर में एक दिवसीय रोजगार शिविर कल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** शनिवार, 15 जुलाई को मॉडल कैरियर सेंटर सह जिला नियोजनालय, सरायकेला में पूर्वाह्न 10 बजे से रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि उक्त शिविर में ऑटोमोबाइल सेक्टर की प्रतिष्ठित संस्था टाटा मोटर्स लिमिटिड द्वारा अप्रेंटिसशिप एवं एनएपीएस ट्रेनी के पदों पर जमशेदपुर प्लांट में नियुक्त करने हेतु युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा सम्मानजनक स्टाइपेंड का भुगतान किया जाएगा। साथ ही उन्हें मुफ्त कैंटीन, यूनिफार्म, ट्रांसपोर्ट सर्विस सहित अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी। रोजगार शिविर में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों की उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच एवं शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम इंटरमीडिएट (12वीं विज्ञान) अथवा आईटीआई उतीर्ण होनी चाहिए। उन्होंने जिले के सभी योग्य अभ्यर्थियों से आह्वान किया कि उक्त रोजगार शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले एवं रोजगार के अवसर प्राप्त करें।

# सामुहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस ने नाबालिग लड़कियों के अपहरण और सामुहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के दो आरोपियों को गिरफतार कर लातेहार जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि दिनांक 29 जून को बरवाडीह थाना क्षेत्र से दो नाबालिग लड़की के अपहरण की सूचना पर बरवाडीह थाना काण्ड संख्या-54 / 23, धारा-363 भा0 द0वि0 दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया था। इस काण्ड की गंभीरता से देखते हुए अधोहस्ताक्षरी के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरवाडीह, दिल्लू लोहार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम के द्वारा काण्ड के उद्भेदन तथा अपहृत दोनों बच्चियों की बरामदगी हेतु गहन छापामारी की जाने लगी। इसी क्रम में दिनांक 7 जुलाई 2023 को



दोनों अपहृत बच्चियों को गढ़वा जिला से बरामद कर लिया गया तथा इस काण्ड में संलिप्त चार अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। पूछताछ में बच्चियों ने बताया कि ये दोनों कुछ कार्यवश गढ़वा गई थीं। गढ़वा रेलवे स्टेशन से बाहर ऑटो चालकों द्वारा इन दोनों को बल पूर्वक अपहरण कर लिया गया तथा इन दोनों बच्चियों को अलग-अलग स्थान पर रखकर कई बार दोनों के साथ शारीरिक शोषण किया गया है।इस काण्ड में संलिप्त दो और अभियुक्तों को दिनांक 12.जुलाई 2023 दिन बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया काण्ड में संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु गहन छापामारी जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम 1.ऋतिक नवरंग, उम्र 22 वर्ष, पिता-संजय कुमार नवरंग, सा0- वार्ड नं0-12, मेन रोड गढ़वा, 2.अजय कुमार केशरी, उम्र 50 वर्ष, पिता स्व0 रामप्रवेश प्रसाद केशरी, सा0-डफाली मुहल्ला, वार्ड नं0-10, गढ़वा, 3.आशीष कुमार, उम्र 23 वर्ष, पिता-बनारसी प्रसाद, सा0- पुरानी बाजार बाईपास रोड़ गढ़वा, 4.कुणाल कुमार गुप्ता, उम्र 30 वर्ष, पिता ओम प्रकाश गुप्ता, सा0-टंडवा, 5.मनोबर अंसारी, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता-मो0 शौफी अंसारी, सा0- कोरवाडीह, 6.सियाराम शरण मिश्रा उर्फ चिंटू मिश्रा, उम्र करीब 20 वर्ष, पित्ता-विजय मिश्रा, सा0 दुबेमरहटीयों , सभी थाना जिला गढ़वा का निवासी है। अपराधिक इतिहास =1. सियाराम शरण मिश्रा उर्फ चिंटू मिश्रा, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता विजय मिश्रा, सा0-दुबेमरहटीयाँ, थाना + जिला गढ़वा, गढ़वा थाना तथा मेराल थाना (गढ़वा) के काण्डों में गिरफ्तार कर पूर्व में न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

## आत्मा शासकीय निकाय की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में आत्मा (एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी) शासकीय निकाय वर्ष 2023-24 की बैठक की गई। बैठक में कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा चतरा, अशोक सम्राट द्वारा बताया गया कि वर्ष 2022-23 मे प्राप्त आवंटन के आलोक में लक्ष्य शत प्रतिशत उपलब्ध की गई। वर्ष 2022-23 का मदवार विवरण यथा प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, परिभ्रमण, कृषक अभिरुचि समूह गठन, कृषक गोष्ठी, कृषक पाठशाला के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया गया । उन्होंने बताया गया कि किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आत्मा एटिक सेंटर में कृषक मित्रों का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक किया गया। प्रत्यक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 200 किसानों के बीच रब्बी मौसम में की जाने वाली सब्जी बीज किट उपलब्ध करा कर जिले के सभी प्रखण्डों में प्रत्यक्षण कार्य पूर्ण किया गया है। वर्ष 2023-24 में जिला कार्ययोजना पर पर चर्चा की गई। इसमें परियोजना निदेशक आत्मा चतरा द्वारा विस्तार पूर्वक वर्ष 2023-24 में संचालित आत्मा क्रिया विधियों को प्राप्त लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत राशि को खर्च करने का निर्देश उपायुक्त चतरा के द्वारा दिया गया। उक्त बैठक में बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## क्षतिग्रस्त गोलंबर का मरम्मत हो अन्यथा करेंगे आंदोलन



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सिमरिया चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस का गोलंबर मरम्मत करने की मांग की है अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है। इस बाबत पार्टी के जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश शर्मा ने अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास को मांग पत्र सौंपा है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि पिछले 19 जून को एक अज्ञात वाहन ने गोलंबर को टक्कर मार दी थी जिससे उसका पिलर ध्वस्त हो गया है। पिलर के ध्वस्त हो जाने से नेताजी की प्रतिमा असुरक्षित और अशोभनीय हो गई है। प्रखंड मुख्यालय आने वाले राजनीतिक कार्यकर्ता अथवा सामाजिक लोग स्वतंत्रता सेनानी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हैं। जिन्हें असुविधा होती है। ऐसे में इसकी मरम्मत बेहद आवश्यक है। बता दें कि नेताजी सुभाष चंद्र बोष की प्रतिमा चौक दुकानदारों एवं ग्रामीणों ने चौक के बगल में केंशर हिन्द जमीन पर स्थापित करने की मांग कर रहें है। चुकी आए दिन प्रतिमा को धाराशाही ट्रकों द्वारा हमेशा होते रहती है। जबकि कई बार हो चुकी है। वैसे में उसी स्थान पर मरम्मती होना बेईमानी है।

## एसडीओ ने घर घर जाकर मतदाता सूची का किया सत्यापन

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड में निर्वाचन निबंधन सह एसडीओ नीत निखिल सुरीन व बीडीओ अमरेग डांग द्वारा बृथ संख्या 285, 286, 290 के हर घर घर जाकर मतदाता सूची के पन्ना सत्यापन किया गया। इस दौरान ने एसडीओ ने बताया कि घर घर जाकर सभी वोटरों की पन्ने वाइज सत्यापन किया जा रहा है। ताकि कोई भी वोटर छूट नहीं। मौके पर सभी बृथ के बीएलओ प्रभारी के साथ ऑपरेटर धीरज, राहुल व आंगनबाड़ी बहनों मौजूद थे।

## दो वारंटी को भेजा गया जेल

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवा थाना क्षेत्र से दो अलग-अलग घटनाओं में फ़रार दो वारंटी को चंदवा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि एक स्थाई वारंटी व एक फ़रार वारंटी को लोहरदगा एवं लातेहार जेल भेज दिया गया।लोहरदगा जेल भेजे गए स्थाई वारंटी उपेन्द्र गंझु उर्फ महाराज गंझु पिता लेंगा गंझु, मडमा, थाना- चंदवा जिला, लातेहार के विरूद्ध कुडू थाना के कांड सं0-53/2001, 92/2006, व सेन्हा थाना कांड संख्या 037/2002 में दर्ज है जिसमें वह वारंटी था। लातेहार जेल भेज गए संजय गंझू,पिता शैलेंद्र गंझु उर्फ जलेन्द्र गंझू, कामता (पतरा टोली), थाना चन्दवा, जिला-लातेहार के लातेहार थाना कांड संख्या 77/2013 में वारंटी था।

# संपर्क अभियान में पूर्व प्रधानाध्यापक, शिक्षाविद, राजस्व कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

➲प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का विश्व में बज रहा डंका : सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत सिसई निवासी सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक राम कुमार पांडेय, शिक्षक सह संस्कृत भाषा विद अनन्त पांडेय, सेवा निवृत फॉरेस्टर विशेश्वर रजक, बालेश्वर पांडेय, सच्चिदानंद पांडेय, पुर्व पोस्ट मास्टर कृष्ण कांत पांडेय, पुजारी द्वारिका पांडेय, पुर्व राजस्व कर्मचारी केदार पांडेय, नंद किशोर पांडेय सहित 30 गणमान्य के घर पर पहुंचकर टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय और मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी के नेतृत्व में अंगवस्त्र और मोदी जी के 9 साल (सेवा, सुशासन और गरीब



कल्याण) पत्रिका देकर सम्मानित किया। सम्पर्क अभियान में लोगों को प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जो प्रमुख उपलब्धियां हैं उसे विस्तार से बताया गया। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में समृद्ध किसान समृद्ध हिंदुस्तान, बाह्य और आंतरिक सुरक्षा, पर्यावरण एवम सतत विकास की योजनाओं के बारे में बताया गया। सम्मानित होने वाले और संपर्क किए गए परिवार वालों ने मोदी की के कार्यों की सराहना की। मौके पर मंडल उपाध्याक्ष सह कबरा पंचायत प्रभारी फुलचंद साहु, खाद्य आपूर्ति विभाग सांसद प्रतिनिधि सह ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रमेश राणा, मंडल महामंत्री संजीव पांडेय, मंडल कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, पुर्व महामंत्री उदय पांडेय, पंचायत संयोजक धनंजय पांडेय, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** संयुक्त जिला कृषि कार्यालय के आत्मा सभागार में जिला स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कार्यशाला 2023 का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्यतः मोटे अनाज की खेती पर जोर दिया गया है, कृषि विज्ञान केंद्र बालूमाथ के वरीय वैज्ञानिक के द्वारा अरहर की वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं केवीके चियांकी, पलामू के वैज्ञानिक के द्वारा कीटनाशक के सही प्रयोग के बारे में बताया गया। साथ ही साथ सभी विभाग से आये हुये पदाधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारीयां दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी के द्वारा किसानों को




संबोधित किया गया और उन्होनें किसान भाइयों से मोटे अनाज की खेती करने पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला कृषि पदाधिकारी, वरीय वैज्ञानिक बालूमाथ एवं चियांकी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, उप परियोजना निदेशक, आत्मा लातेहार एवं सभी प्रखंड के प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी और एटीएम /बीटीएम कृषक मित्र एवं बिरसा किसानों ने भाग लिया।

## देवघर के लिए कांवरियों का जत्था रवाना



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पगार गांव से कांवरियों का जत्था सुरक्षित वाहन के द्वारा गुरुवार को रवाना हुआ। जाने से पहले कांवरियाअपने अपने गांव के मंदिर में सिर झुका कर सिमरिया चौक पहुंचेऔर वहां संकट मोचन हनुमान मंदिर मे पूजा पाठ कर रवाना हुए। कावरिया अर्जुन साव ने बताया कि मैं प्रत्येक वर्ष बाबा की नगरी में जाकर जल चढाता हूं। बाबा की कृपा से हमारी सारी मनोकामनाएं पूर्ण हुई है। जाने वालों में दीपक कुमार, निरंजन कुमार, उमेश शाह, अखिलेश कुमार, सकलदेव कुमार, दिलीप कुमार सहित कई अन्य शामिल हैं।

# बीएस मेमोरियल हाई स्कूल को मिला सीबीएसई बोर्ड की मान्यता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ गोविंद नगर चेताग में संचालित बीएस मेमोरियल हाई स्कूल को सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली से मान्यता मिल गई है। विद्यालय के व्यवस्थापक अशोक कुमार ने बताया कि सीबीएसई के द्वारा एप्लीकेशन नंबर 3430 721 व विद्यालय कोड 66 967 निर्गत की गई है उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा 1 से मैट्रिक तक की पढ़ाई की जाती है यह विद्यालय 1993 में खुली थी तब से विद्यालय प्रबंधन लागातार प्रयास के बाद अपना 2 एकड़ जमीन दो मंजिला भवन व खेल मैदान व इंफ्रास्ट्रक्चर की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली के टीम द्वारा जांच के बाद यह मान्यता प्राप्त हुई। ज्ञात हो कि बालूमाथ, बारियातू एवं हेरहंज प्रखंड में एक भी सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय नहीं था बीएस मेमोरियल को सीबीएसई बोर्ड का मान्यता मिलने से लोगों में हर्ष व्याप्त है। हर्ष व्याप्त करने में जगनारायण पाठक, राजेंद्र प्रसाद साहू, रामजतन साहू, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद जुबेर, रवि सिंह, जावेद अख्तर, सुकुल साब, वीरेंद्र साब, समेत कई लोग शामिल है।

# चिकित्सा पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर अस्पताल के सभागार में 2 दिवसीय प्रशिक्षण जिले के सभी एम.ओ. एवं एमओआईसी को पीएमडीटी (टीबी) का प्रशिक्षण संपन्न हुई। सिविल सर्जन दिनेश कुमार की अध्यक्षता में सभी मेडिकल अफसर को टीबी के बारे में जानकारी दी गई एवं जिले से टीबी रोग मुक्त करने के लिये अपने-अपने क्षेत्र में कार्य योजना बनाकर कार्य करने के लिए सलाह प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एम.ओ. एम.ओ.आई.सी को दी गई है। जिले के सभी मेडिकल अफसरों को अपने-अपने क्षेत्र में पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिये सभी जगह कैंप लगाकर कार्य करने एवं सभी संभावित टीबी मरीजों को पहचान कर उनका पूर्ण रूप से इलाज करने की सलाह दी गई। इस प्रशिक्षण में सिविल सर्जन दिनेश कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी शोभना टोप्पो, डॉ नीलमणी कुमार, एवं जिले के सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी, यक्ष्मा कार्यालय के प्रवीण कुमार सिंह, मंटू कुमार, अनूप प्रकाश, ईशान कुमार, निशांत कुमार, अमरेंद्र कुमार फार्मासिस्ट, कुंदन कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# मनरेगा योजना के मजदूरों को नहीं मिल रही मजदूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मामला लोहरदगा जिले के पेशरार प्रखंड क्षेत्र के सीरम पंचायत के ग्राम जामडीह के गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का बेधड़क उलंघन किया जा रहा है, इसके तहत लाभुक बिकास उरांव, मंगरा परहईया, वीरेंद्र उरांव, का सिंचाई कूप व्यवस्था के लिए कुआं का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन कुआं में काम कर रहे मजदूर बिमल उरांव, मुनेश उरांव रामदेव लोहरा, प्रभु उरांव आदि मजदूरों का कहना है की 2 महीना से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे मजदूरों का आर्थिक स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ता जा रहा है और मजदूरों का आजीविका सही ढंग से नहीं चल पा रही है, जबकि सरकार के द्वारा बनाया गया सरकारी योजना जहां 2 महीना से मजदूरों का मजदूरी भुगतान नहीं होने से मनरेगा योजना दम तोड़ने लगा है, इधर कुआं में काम कर रहे हैं सभी मजदूरों का कहना है की मजदूरी का पैसा नहीं मिलेगा तो अब कुआं में काम करना बंद कर देंगे इधर मनरेगा योजना के मजदूरों के साथ शोषण होना यह बहुत बड़ा चिंता की बात है सिर्फ इतना ही नहीं, कुआं में काम करने के दौरान प्रभु उरांव के पैर में चोट लगी थी जिसका पैर से रक्त का बहाव हो रहा था लेकिन मजदूर को दवा तक नहीं दिया जा रहा है, अब देखना है की मनरेगा योजना का मजदूर को मजदूरी का भुगतान कब दिया जाएगा। मनरेगा योजना के तहत मजदूरों के हित के लिए दवा के नाम पर जिले में करोड़ों रुपए का बजट केवल एक सपना रह गया है। छोटे से चोट का दवा उपलब्ध नहीं करा पाना यह बहुत बड़ा मुद्दा है और चिंता का विषय भी है।

## दसवीं बोर्ड में अच्छे अंक लाने वाले बच्चे हुए सम्मानित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कुडू प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में 28 वां वार्षिकोत्सव एवं दसवीं बोर्ड में 80 प्रतिशत से 92 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने वाले भैया बहनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यदुनंदन तिवारी,कोषाध्यक्ष अनूप देव पौराणिक ,उपाध्यक्ष धनंजय प्रसाद,संरक्षक रामकुमार तिवारी,अभिभावक अलख निरंजन तिवारी,अमोद पाठक,भूपाल पाठक की गरिमामय उपस्थिति रही। साथ ही साथ इस वार्षिकोत्सव में आठवीं और नौवीं बोर्ड में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले भैया बहनों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि 12 जुलाई 1995 को इस विद्यालय की स्थापना की गई थी,जिसमें 7 भैया-बहनों को लेकर विद्यालय की शुरुआत की गई,आज यह विद्यालय वटवृक्ष की तरह फैलता जा रहा है। विद्यालय के अध्यक्ष यदुनंदन तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय की परीक्षा फल के साथ-साथ अनुशासन पर विशेष ध्यान दें। इन दोनों पक्षों को ठीक करने की पूर्ण जिम्मेवारी प्रधानाचार्य

# छात्रवृति की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं ने किया समाहरणालय का घेराव

➲कई वर्षो से छात्रवृत्ति का भुगतान लंबित होने से परेशान छात्रों ने काटा जमकर बवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** छात्रवृति की मांग को लेकर चतरा कॉलेज चतरा और लाला प्रीतम बीएड कॉलेज के छात्र छात्राओं ने समाहरणालय का घंटों घेराव किया। झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन की शुरुआत चतरा कालेज से हुआ और जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के गेट पर जमकर बवाल काटा और जिला प्रशासन के करतूतों के खिलाफ खूब नारेबाजी भी की। जिसमें दोनों कॉलेज के करीब 300 से अधिक छात्र छात्राओ ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर किया और यही रैली समाहरणालय पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई।



छात्रवृति से वंचित छात्रों से समाहरणालय के मुख्य द्वार से लेकर मेन रोड की सड़क को जाम कर दिया। जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। छात्र संघ नेता उमेश गंझू ने बताया कि सत्र 2021द्द22 और 2022द्द23 की छात्रवृति की राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया। उन्होंने आगे बताया कि डीडब्लूओ डीएलसी अप्रूव होने के बाद भी छात्रवृति का भुगतान किस परिस्थिति में नहीं किया गया। इसके लिए छात्रों ने जिले के अधिकारियों को दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि छात्रवृति का भुगतान नहीं होने का मुख्य कारण जिला कल्याण पदाधिकारी को ठहराया। उन्होंने कहा कि छात्रवृति का भुगतान अविलंब किया जाय ताकि छात्रों को शैक्षणिक कार्य में कोई परेशानी ना हो। वहीं प्रदर्शन कर रहे छात्रों को एसडीओ मुमताज अंसारी ने समझाया बुझाया और अपर समाहर्ता के नेतृत्व के छात्र संघ का 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त से भेंट किया। उपायुक्त ने उन्हें सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र करने का आश्वासन दिया।

## समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुष्ठ रोगियों का किया गया जांच 4 लोगों की हुई पहचान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिदौर :** प्रखंड में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ सिद्धार्थ विशवाल के द्वारा आइएलईपी स्टेट कोऑर्डिनेटर एनएलआर इन्डिया फाउंडेशन के तहत कुष्ठ रोगी खोज अभियान एलसीडिसी 2023 में बृहस्पतिवार को जांच किया गया। जहां संध्यात्मक 85 व्यक्तियों को जांच किया गया। जिसमे प्रखंड गिद्धौर से 4 कुष्ठ रोगियों क पहचान किया गया है। पहचान के पश्चात सभी रोगियों को स्ब्धुज्ञ की दवा शुरू की गई है। और मिले रोगियों को गावों मे सहिया को निर्देश दिया गया है। की अच्छे से सभी व्यक्तियों को फिजिकल जांच करें। इनके साथ चतरा से कुष्ठ विभाग के विकास कुमार यादव एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/02/2023-24(4th Call)

कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डुमरी प्रखण्ड में कस्तूरबा गाँधी बालीका विद्यालय, डुमरी में किचेन शेड एवं डाइनिंग हॉल का निर्माण कार्य। | 24,99,500.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.07.2023 से दिनांक 31.07.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 01.08.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
6 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्य दिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –02.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे अपराह्न।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 302270 Rural Development (23-24)_D

## इंदिरा पंचायत भवन सभागार में रोजगार दिवस मनाया गया

**चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: चुरचू प्रखंड के इंदिरा पंचायत भवन सभागार में गुरुवार को रोजगार दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता पंचायत की मुखिया राधिका देवी ने किया। पंचायत भवन में रोजगार दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुखिया राधिका देवी ने कहा कि पंचायत के अंतर्गत जितने भी मनरेगा योजना के जो कार्य अधूरे हैं उसे जल्द पूरा करें साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग चुरचू पश्चिमी ग्रामीण जलापूर्ति योजना डीएमएफटी मत द्वारा जल नल योजना के तहत घरों में पानी की सुविधा पहुंचाया जाए एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य हो। मुखिया ने पंचायत में विकास कार्यों के लिए भी खासा जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंदरा पंचायत के मुखिया राधिका देवी विनोद कुमार महतो उप मुखिया इंदरा पूर्व मुखिया दशरथ महतो जगरनाथ महतो रोजगार सेवक, प्रवचन कुमार ब्लॉक कोऑर्डिनेटर,मीना देवी जल सहिया सीता देवी सुग्रीव रजवार इदरीश अंसारी सोनी कुमारी चमेली कुमारी शीतल टुडु वार्ड सदस्य अहमद रजा वार्ड सदस्य गुलांचो देवी वार्ड सदस्य जितेशवरी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिंदल स्टील एंड पावर ने टीवी मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंड सरकार, स्वास्थ विभाग के द्वारा राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के कॉरपोरेट इंगेजमेंट टू एंड टीबी के तहत जिन्दल स्टील एंड पावर पतरातु को सम्मानित किया गया। जेएसपी फाउन्डेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल तथा जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिंदल के द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत रामगढ़ जिला के पतरातु प्रखण्ड में योजनाबद्ध तरीके से स्वास्थ, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, ग्रामीण बच्चियों के खेलकूद तथा स्वास्थ से संबंधित अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस क्रम में रामगढ़ जिला प्रशासन तथा जेएसपी फाउन्डेशन, पतरातु के संयुक्त तत्वाधान में पतरातु प्रखण्ड में टीबी मरीजों को मित्र बनाकर उन्हें अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर जिंदल स्टील एंड पावर के प्लांट प्रमुख आर के अजमेरिया को स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता एवं श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने पुरस्कृत किया।

## 74 वां वन महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ के भुरकुंडा पंचायत भवन परिसर में पतरातू वन मंडल के द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम का किया गया। इस विधिवत कार्यक्रम में बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद और रामगढ़ बंद प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत की गई। इस विधिवत आयोजन कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत भी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद में कहां की है हर व्यक्ति को अपने जीवन में पेड़ पौधे लगाने की दरकार है, जिस तरीके से लोग अपने बच्चों का देखभाल करते हैं, इसी तरीका से लोग पेड़ पौधे का भी देखभाल करें, विधायक ने लोगों को पेड़ पौधे लगाने की अपील की, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पेड़ पौधे रहेंगे तब हम लोगों का जीवन संभव है अन्यथा जलवायु में कई तरह की खतरा मंडराने लगेगी।

# उपायुक्त व राज्य नोडल पदाधिकारी ईवीएम/ वीवीपैट ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : गुरूवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा व विशेष कार्य पदाधिकारी सह राज्य नोडल पदाधिकारी ईवीएम /वीवीपैट मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग ने राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में छत्तरमांडू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार ने उपायुक्त, माधवी मिश्रा व मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग से आए विशेष कार्य पदाधिकारी सह राज्य नोडल पदाधिकारी ईवीएम /वीवीपैट गीता चौबे को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट आदि के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वहीं निरीक्षण के उपरांत ईवीएम वेयरहाउस को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष सील किया गया । मौके पर सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, अग्निशमन पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

## विधायक ने अड़की के सूदूरवर्ती उच्च विद्यालय तुबिल में तीन कक्षा भवन का उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की** : खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सूदूरवर्ती वन आच्छादित तिरला पंचायत के उच्च विद्यालय तूबिल परिसर में जिला परिषद खुंटी के मद से निर्मित तीन अदद वर्ग कक्ष भवन का विधिवत उद्घाटन स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन से पुर्व विधायक सहित तमाम अतिथियों का माला और अंगवस्त्र पहनाकर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि उच्च विद्यालय तुबिल में पहली कक्षा से बारहवीं तक कक्षाएं संचालित है । जिसमें जिसमें पहली से पांचवी तक 3 सहायक अध्यापक एवं हाई स्कूल में केवल 5 शिक्षक हैं। पहली कक्षा से आठवीं तक एक भी सरकारी शिक्षक नहीं है । 3 शिक्षक जो अन्य विद्यालयों में डेपुटेशन हो जाने के कारण शिक्षकों की कमी है।कार्यक्रम में विधायक विकास कुमार मुंडा द्वारा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों को शिक्षकों और छात्रों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस सुदूर क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के लिए हर संभव हम सभी प्रयासरत हैं जिन विद्यालयों में वर्ग कक्ष की कमी है वहां भवन निर्माण के लिए अनुशंसा की जा रही है साथ ही अन्य शिक्षण सामग्री भी दिलाने का काम किया जा रहा है ताकि सभी बच्चे एक अच्छे वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर सकें आगे बताते चले कि माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक के बाद विद्यार्थी डिग्री कॉलेजों में की दूरी होने के कारण पढ़ाई छोड़ देते हैं ऐसी स्थिति में बीरबांकी में बहुत जल्द डिग्री कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा ।

# 1.49 लाख रू लेकर विलम्ब से गाड़ी पर पहुंचाया अधूरी सूचना : बिनू कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : प्रखंड कार्यालय गोला (रामगढ़ ) के बीडीओ -सह- जन सूचना पदाधिकारी ने एक आवेदक बिनू कुमार महतो युवा टाइगर से इसके 06-05-2023 के सूचना का अधिकार आवेदन पर 74500 पृष्ठों की सूचना पर प्रति पृष्ठ 2/-रु. की दर से कूल 1.49 लाख रु. प्रखंड नजारत में जमा करवाया और लगभग 65 दिनों पर विलम्ब से दिनांक 11/07/2023 को प्रखंड के एक छ- सदस्यीय टीम के द्वारा प्रखंड का एक चारपहिया वाहन से अधूरी सूचना के बंडल को पहुंचाकर जबरदस्ती टंकित रिसिविंग कागजात में हस्ताक्षर लेने का मामला प्रकाश में आया है द्य प्रखंड के छ- सदस्यीय टीम में लिपिक ब्रजेश कुमार, जेई प्रियंका कुमारी, लेखा सहायक विनय कुमार, प्रखंड समन्वयक अशोक कुमार, अनुसेवक विजेन्द्र कुमार तथा जीप चालक मंटू कुमार थे, जिन्होंने वगैर सूचना के पृष्ठों की गणना किये आधी-अधूरी सूचनाएं को आवेदक को थमा कर जबरदस्ती रिसिविंग लेकर चलते बने हालांकि रिसिविंग में सूचना के पृष्ठों का उल्लेख नहीं है द्य इस वारदात के बाद जब आवेदक ने सूचना के पृष्ठों की गणना किया तो पाया कि 74500 पृष्ठों की सूचना के जगह मात्र 48207 ही पृष्ठों की अधूरी सूचनाएं है , साथ ही 14वें एवं 15वें वित आयोग मद की सन 2020 से 2023 की आवेदक द्वारा मांग की गई सूचनाओं के जगह सन् 2017 से 2019 का पूराने सूचनाओं को मिलाकर दे दिया गया , जिसे लेकर आवेदक बिनू कुमार महतो युवा टाइगर के द्वारा फ्री में सूचना तथा विलम्ब से सूचना आपूर्ति करने पर 1.49 रु. वापस करने की मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ ) गोला, रामगढ़ से किया गया है द्य जिस पत्र की प्रति इन्होंने डीडीसी -सह- प्रथम अपीलीय अधिकारी, रामगढ़ को भी प्रेषित किया है द्य बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने कहा है कि गोला बीडीओ द्वारा मुझे सूचना का अधिकार के तहत सूचना देने में गुमराह व? दिग्भ्रमित किया है, यदि मेरे द्वारा जमा राशि 1.49 लाख रु. वापस नहीं किया जाता है और फ्री में संपूर्ण सूचनाएं नहीं दी जाती है तो मैं सक्षम प्राधिकार में उनके विरुद्ध शिकायत दर्ज करूंगा ।

## मंझला चुम्बा नव प्राथमिक विद्यालय लुकैया में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत शिविर कैंप का आयोजन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मंझला चुम्बा के नव प्राथमिक विद्यालय लुकैया में गुरुवार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत शिविर कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंख डॉक्टर निशा कुमारी द्वारा 50 लोगों का आंख का इलाज किया गया। जिसमें मोतियाबिंद मरीज घोष रविदास, छुनका रविदास, नागो राम, बिगन राम, तुलसी राम, शांति देवी, पियासो देवी, सबुबन खातून, सेदा खातून, सलमा खातून, अनीता देवी यादी 12 लोगों का सुनीता आई हॉस्पिटल रामगढ़ मोतियाबिंद ऑपरेशन निशुल्क के लिए ले जाया गया। मौके पर कैंप प्रचारक कुलदीप प्रजापति, विकास, वार्ड सदस्या लक्ष्मी देवी, सहिया दीदी आशा देवी, जयलाल रविदास, उस्मान मियां, अजीज, अशोक रविदास, गुलाबो देवी, सोनी देवी, शिव कुमारी देवी, बीना देवी यादी कई ग्रामीण लोग मौजूद थे।



## राष्ट्र स्तर सम्मान मिलना रामगढ़ जिला के लिए गौरव की बात : धनेश्वर महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़** : सदर अस्पताल को नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस स्टैंडर्ड का सर्टिफिकेशन मिलने से अस्पताल में चिकित्सा सुविधा को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा जिससे सदर अस्पताल रामगढ़ को मरीजों के बेहतर इलाज के लिए 42 लाख रुपए का प्रोत्साहन मिलेगा द्य इसी दौरान आज जिला परिषद सदस्य रामगढ़ सदर धनेश्वर महतो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ सिविल सर्जन प्रभात कुमार से मिलकर उनको बुके प्रदान कर स्वागत किया द्य मौके पर जिला परिषद् सदस्य धनेश्वर महतो ने कहा कि हम लोगों के लिए गौरव की बात है कि राज्य का यह दूसरा सदर अस्पताल जिसे नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनकास) एवं लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत सदर अस्पताल रामगढ़ को क्वालिटी सर्टिफिकेशन मिला है द्य जो की 3 माह के अंदर केंद्र सरकार की ओर से राशि मिलेगी द्य इसके अलावा सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत के पैकेज में भी अलग से मरीजों को 15त्र का इजाफा होगा सदर अस्पताल को 11 विभागों में बेहतर सेवा के लिए राष्ट्रीय स्तर का यहां पुरस्कार पिछले दिनों मिला है द्य जिससे सदर अस्पताल मैं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं सुविधाएं भी बढ़ेगी द्य राष्ट स्तर के पुरस्कार मिलने से चिकित्सकों एवं कर्मियों के साथ-साथ रामगढ़ की आम जनता ओं के बीच में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है द्य मौके मौके पर सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने बताया कि 1 माह पूर्व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के 4 सदस्य टीम ने रामगढ़ सदर अस्पताल का निरीक्षण किया था इसके बाद अस्पताल के लेबर रूम एवं मेटरनिटी ओटि को एनकास के साथ-साथ लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत क्वालिटी सर्टिफिकेशन से नवाजा गया है या रामगढ़ वासियों के लिए गर्व की बात है द्य मौके पर नगर सचिव नीरज मंडल ने कहा कि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी रामगढ़ विधानसभा की जनता की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा कैसे मिले इस पर हमेशा स्वास्थ विभाग के सभी पदाधिकारियों के साथ संपर्क में रहती हैं और कोई भी समस्या होती है उसकी तुरंत समाधान करने के लिए तत्पर रहती है द्य इस सम्मान के लिए रामगढ़ की उपायुक्त माधवी मिश्रा व सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार सहित पूरा स्वास्थ्य विभाग की टीम बधाई के पात्र हैं द्य स्वागत करने वालों में जिला परिषद धनेश्वर महतो के साथ जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल, लेखराज महतो, संकर यादव, जगदेव महतो,सहित कई लोग उपस्थित थे ।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं. 1. ई–निविदा सं०–पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–19–23–24 एकल पैकेट सिस्टम। कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के अधीन तिलैया राजगीर बख्तियारपुर दोहरीकरण (96किमी) के लिए पुल तथा अन्य संरचना के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) तथा मिट्टी जाँच का कार्य। **अंकलित मूल्य (रू):** 1,05,25,048.25 । **बोली प्रतिभूति (रू):** 2,02,600.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 महीने। **क्र.सं. 2. ई–निविदा सं०–पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–20–23–24 दो पैकेट सिस्टम। कार्य का नाम:** डिप्टी/सीई/कॉन/बरकाकाना के अंतर्गत पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन के सीआईसी अनुभाग में भुरकुंडा–पतरातू के बीच 120/3–4 पीटीआरयू स्टेशन की सीमा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 39/एसपीएल/टी किलोमीटर के बदले में रोड ओवर ब्रिज (5x30 मीटर स्पैन, कंपोजिट गर्डर + 1x48 मीटर स्पैन, बो स्ट्रिंग गर्डर + 2x20.431 मीटर स्पैन, कंपोजिट गर्डर + 1x27.458 मीटर स्पैन, कंपोजिट गर्डर + 4x24.155 मीटर स्पैन, कंपोजिट गर्डर) का निर्माण। **अंकलित मूल्य (रू):** 64,77,59,794.39। **बोली प्रतिभूति (रू):** 33,88,800.00। **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 18 महीने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 01.08.23 15.30 बजे। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फार्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना।**

**पीआर/00719/कॉन/इंजी./ टी/23–24/56**



**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
**Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com**

पत्रांक : ............................ दिनांक : ...............................

**आम सूचना**

कार्यालय ज्ञापांक 988 दिनांक 26.06.2023 के द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (NIT No –JMC/05/2023-24(2nd Call) date 26-06-2023 PR No. 300995 Date 27-06-23 को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

ह0/
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 302279 Urban Development(23-24)#D



**कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

कार्यालय आदेश संख्या–17/2023 दिनांक – 13.07.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण हेतु कार्यालय आदेश संख्या 14/2023-24 PR No- 300722 (District) 23-24D द्वारा निकाली गई निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 302303 (Khunti) 23-24 (D)



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–किरण तिर्की, उम्र–19 वर्ष,**
**रंग–साँवली, उचाँई–5 फिट,**

उपरोक्त लापता महिला किरण तिर्की, पे0–पासकल तिर्की, सा0–हरिहपुर जामटोली, थाना–बेड़ो, जिला–राँची जो दिनांक–03.07.23 को घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में बेड़ो थाना सनहा संख्या–11/2023 दिनांक–04.04.2023 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो, राँची। –94317 28777
थाना प्रभारी बेड़ो, राँची। –94317 06179

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

**PR 302302 Police(23-24).D**



**कार्यालय :– श्रम अधीक्षक, कोडरमा**
**E-Mail Id- labour_koderma@rediffmail.com**

**इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना–01/2023–24 अति अल्पकालीन**

झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के कुल–300 निबंधित निर्माण श्रमिकों एवं निबंधित श्रमिकों के पुत्र–पुत्रियों का चयन कर उनके इच्छानुरूप अधिकतम 600 घण्टे का कोर्स वाले **Modules** में रोजगार प्रशिक्षण दिया जाना है, जिस हेतु योग्य एजेंसी/संस्थान से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। योग्य एजेंसी/संस्थान निम्न मापदण्डों के अनुरूप हो :–

1. संबंधित VTP भारत सरकार के NSQF मानकों का अनुपालन करता हो।
2. संबंधित संस्था/एजेंसी श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के साथ झारखण्ड कौशल विकास मिशन से भी निबंधित हो।
3. इस हेतु झारखण्ड राज्यान्तर्गत निबंधित VTP's को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के द्वारा पूर्व में संचालित **"रोजगार प्रशिक्षण योजना"** के अन्तर्गत संबंधित एजेंसी/संस्थान के द्वारा कम से कम **2500 लोगों** को प्रशिक्षण कराने का कार्य अनुभव प्राप्त हो।

उक्त मापदण्डों के पूरा करने वाले योग्य एजेंसी/संस्थान **दिनांक–22.07.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक** कार्यालय अवधि में कार्यालय में संपर्क कर अपने इच्छा की अभिव्यक्ति बंद लिफाफा में श्रम अधीक्षक कार्यालय, संयुक्त श्रम भवन, कोडरमा में समर्पित करेंगे। इच्छा की अभिव्यक्ति **दिनांक–26.07.2023 को 1:00 बजे अपराह्न** से श्रम अधीक्षक कार्यालय, संयुक्त श्रम भवन, कोडरमा में खोली जायेगी।

श्रम अधीक्षक,
कोडरमा

**PR302290 (Labour Employment and Traning)23-24*D**



**बकार्यालय जिला परिषद,खूँटी**

कार्यालय आदेश सं०–-----------./2023–24 दिनांक–.............................

**अल्पकालीन बन्दोवस्ती हेतु आमसूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–20.12.2022 को जिला परिषद, खूँटी की बैठक में लिए गए निर्णय एवं विभागीय आदेश संख्या–2713 दिनांक–30.12.2022 के आलोक में निम्नांकित स्थावर संपत्ति यथा रनियां एवं अड़की प्रखण्ड में नवनिर्मित मार्केट कॉम्पेक्स के दुकानों को किराये पर आवंटित किया जाना है। उक्त आवंटन निलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले को किया जाएगा।

विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | मार्केट कॉम्पलेक्स का नाम | प्रखण्ड का नाम | मार्केट कॉम्पलेक्स की विवरणी /दुकान का क्षेत्रफल | न्यूनतम निर्धारित किराया प्रतिमाह प्रतिवर्ग फीट | खाली दुकान संख्या की विवरणी | अग्रधन की राशि | आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नही) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | रनियां मार्केट कॉम्पलेक्स के प्रथम तल स्थित 08 दुकान | रनियां | कुल क्षेत्रफल 180 sq.ft | प्रथम तल 06 रू० प्रतिवर्ग फीट | दुकान संख्या 11, 12, 14 एवं 15 | (50,000.00) पचास हजार रू० | 500.00 पाँच सौ रू० | |

उपरोक्त प्रखण्डों में नवनिर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के खाली दुकान को किराये पर आवंटित करने हेतु अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति में खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। दिनांक–24.07.2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों का निष्पादन दिनांक–24.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे गठित चयन समिति के समक्ष की जायेगी। **इच्छा की अभिव्यक्ति समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/प्रोपराइटर/अध्यक्ष/ सचिव/स्वयं बैठक में उपस्थित रहेंगे।** इच्छा की अभिव्यक्ति में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी

**PR 302301 District(23-24).D**



**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, कोडरमा**
**एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना)**

**संविदा आधारित BTM/ATM का नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन के स्कूटनी के उपरान्त आपत्ति का निराकरण हेतु सूचना**

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) कोडरमा द्वारा एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना) अन्तर्गत इस कार्यालय के विज्ञापन संख्या PR298991 Agriculture (23-24) D तिथि 03.06.2023 के आलोक में संविदा आधारित BTM/ATM के नियुक्ति हेतु प्राप्त 52 (BTM-7, ATM-45) आवेदनों के आधार पर प्राप्त प्राप्तांक एवं अंकित विवरणी से संबंधित सूची तैयार किया गया है। तैयार सूची को कोडरमा के वेबसाईट/ कार्यालय के वेबसाईट पर प्रकाशित किया जा रहा है। प्राप्त आवेदन के आधार पर पायी गई त्रुटियों को अभियुक्ति कॉलम में दर्शाया गया है। यदि किन्हीं आवेदकों को तैयार सूची में कोई आपत्ति है तो प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर आत्मा कार्यालय में आकर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। यदि एक सप्ताह के अन्दर आवेदक अपना आपत्ति दर्ज नहीं कराते हैं तो यह माना जायेगा कि प्रकाशित सूची में अंकित विवरणी/ प्राप्तांक सही है। जिस पर भविश्य में कोई विचार नहीं किया जायेगा। शेश कौशल जांच आदि की तिथि की सूचना से आपको अलग से अवगत कराया जायेगा।

**नोट : 1. अपने स्कूटनी का प्राप्तांक संबंधित जानकारी कोडरमा जिला के NIC वेबसाईट पर koderma.nic.in एवं ATMA के वेबसाईट** www.atmakoderma.in **से प्राप्त किया/ देखा जा सकता है।**

**2. अधिक जानकारी के लिए कार्यालय परियोजना निदेशक, आत्मा कोडरमा, संयुक्त कृषि कार्यालय (समाहरणालय परिसर) से संपर्क किया जा सकता है।**

**3. संपर्क पदाधिकारी: उप परियोजना निदेशक, आत्मा कोडरमा के मोबाईल न0–9934159474**

ह0/–
जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक
आत्मा, कोडरमा

**PR302247 (Agriculture)23-24*D**



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**

**VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice**

**Tender Reference No. DWSD/RELO/DT/CTR/09/2023-24 (2nd Call) DT:12.07.2023**

| Sl. No. | Particular | Details | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Relocation of defunct 125/115 mm dia 60.00 Mtrs Deep Drilled Tube Well with Installation of I.M -II (IS:15500 Part-2/2004) Hand Pump 930/90) with 32 mm dia Medium Class G.I Riser Pipe by DTH Rig Machine with 125 mm dia Blue UPVC Casing Pipe on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2023-24 | | | | |
| | Group No. | Qty. | Estimate Cost | Earnest Money | Cost of BOQ(Rs.) | Time of Completion |
| | RELO/DT/CTR-01 (Chatra Sub-Division) | 35 Nos. | 29,36,087/- | 59,000/- | 5,000/- | 02 Months |
| | RELO/DT/CTR-02 (Simariya Sub-Division) | 35 Nos. | 29,36,087/- | 59,000/- | 5,000/- | 02 Months |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 15.07.2023 at 5:00 PM | | | | |
| 3 | Last Date / Time for Submission of Tender Documents | 21.07.2023 upto 5:00 PM | | | | |
| 4 | Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy) | 22.07.2023 upto 3:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 22.07.2023 at 5:00 PM | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-9431325479, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be final & binding on all.

**Executive Engineer**
**D.W.&S. Division, CHATRA**

**PR 302229 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D**

### चरगो में धोती, साड़ी वं लुंगी का किया गया वितरण

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के



ग्राम चरगो में सरकारी राशन की दुकान में दुकानदार संजीत कुमार राय एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रामप्रसाद वर्मा के द्वारा झारखंड सरकार की सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत बीपीएल परिवारों के बीच धोती,साड़ी एवं लुंगी का वितरण किया गया। मौके पर रामेश्वर कोड़ा, शंकर महतो, कुंती देवी, ललिता देवी, मालती देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### पीड़ित परिवारों से मिले माना पाठक, किया खाद्य सामग्रियों का वितरण

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के रामनगर निवासी भैरव टू



डू के 30 वर्षीय पुत्र राजू टू डू की मौत पिछले दिनों अचानक दिल का दौरा पड़ने से हो गया था सूचना पाकर झारखंड जनहित मोर्चा के अध्यक्ष व संस्थापक माना पाठक गांव पहुंचे एवं उन्होंने पीड़ित निहायत अत्यंत गरीब परिवारों से मिलकर खाद्य सामग्रियों में से आटा आलू चावल आदि सामग्री मुहैया कराई उनके साथ उनके निजी सचिव मुरारी सिंह चौधरी, मनोज महतो इतवारी टू डू, अरुण रवानी, मुस्ताक अंसारी, नंद किशोर केवट आदि मौजूद थे।

### बाल विवाह होने से बच्चों का शारीरिक व मानसिक शौषण किया जाता है : भागीरथ सिंह

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खेलने की उम्र है बाल विवाह जुर्म है, घर



घर में आवाज लगाओ, बाल विवाह को जड़ से मिटाओ आदि नारों के साथ आज झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से मध्य विद्यालय मधुबन में बाल विवाह उन्मूलन पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में उपस्थित छात्र, छात्राओं एवं शिक्षको ने बाल विवाह रोक पर ट्रस्ट द्वारा शपथ दिलाया गया। सेमिनार में ट्रस्ट के कोर्डिनेटर भागीरथ सिंह ने कहा की बाल विवाह कानून अपराध है, बाल विवाह होने से बच्चो का शारीरिक एवं मानसिक शौषण किया जाता है। सेमिनार का संचालन दीपक कुमार दसौन्धी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार भट्ट ने किया उपस्थित शिक्षक गण मुकुन्द प्रसाद महतो, बिनोद कुमार नायक, रेखा कुमारी, कुमारी सरोज, आनिमिका कुमारी,खुशबू कुमारी, दीपु देवी, के आलावे सैकड़ो छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना : 43 लाभुकों को किफायती दर में आवंटित हुआ वन बीएचके फ्लैट

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद नगर निगम के तत्वाधान में



प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत विवाह भवन, बाबूडीह, धनबाद में झरिया से विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की उपस्थिति में 43 लाभुकों को लॉटरी के माध्यम से किफायती दर पर बारामुड़ी किफायती आवास परियोजना, धनबाद में वन बीएचके का फ्लैट आवंटित हुआ। मौके पर धनबाद विधायक राज सिन्हा, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, नगर निगम के पदाधिकारी तथा किफायती आवास योजना के आवेदनकर्ता शामिल हुए।

### बीपीपी ने पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन आयोजित किया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भागीदारी पार्टी बीपीपी के द्वारा रणधीर वर्मा चौक के पास पांच सूत्री मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शन के द्वारा भागीदारी पार्टी ने झारखंड सरकार से मांग की है की जिले में टोल टैक्स और फास्ट टैग के नाम पर जो नाजायज रकम वसूली की जाती है उस पर अविलंब रोक लगाई जाए। दूसरी मांग है की जिले के सभी बस स्टैंड में महिला यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए सभी बस स्टैंड में 5 सुरक्षा कर्मी को तैनात किया जाए ताकि रात बिरात सफर करने वाली महिला यात्रियों को मनचलों एवं असमाजिक तत्वों से कोई खतरा ना रहे। तीसरी मांग है की जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में जिन किसी को भी शौचालय नहीं मुहैया कराया गया है उन्हे अविलंब शौचालय उप्लब्ध कराया जाए।

# कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी का धनबाद दौरा अग्नि प्रभावित क्षेत्रों का लेंगे जायजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी आज धनबाद पहुंचे। कोयला नगर स्थित बीसीसीएल के कोयला भवन स्थित शहीद स्मारक के पास उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद कोयला खनन के दौरान शहीद हुए मजदूरों को उन्होंने शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि दी।



वहीं मीडिया से बातचीत के दौरान कोयला मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा हर महीने राज्य सरकार को रॉयल्टी दी जाती है। सीएम द्वारा नीति आयोग की बैठक में केंद्र सरकार पर लगाए गए आरोपों को उन्हें खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि हर महीने राज्य सरकार को रॉयल्टी अकाउंट में क्रेडिट कर दी जाती है।

पहले से बेहतर हो रहा कोयले का उत्पादन ~ कोयला मंत्री ने कहा कि हमारे देश में पहले से बेहतर कोयले का उत्पादन किया जा रहा है। वर्तमान में 1000 मिलियन टन से एक हजार बिलियन टन कोयले का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर कोकिंग कोल प्रोडक्शन बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। भविष्य में कोकिंग कोल का भी बेहतर उत्पादन करने की बात कोयला मंत्री ने कही है।

उन्होंने कहा कि बीसीसीएल और ईसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्पादन का रिव्यू करेंगे। इसके साथ ही वह झरिया इलाके का दौरा भी करेंगे। कोयला मंत्री ने कहा कि अधिकारियों के साथ पुनर्वास पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही कोयले की आग को बुझा कर वहां से कोयला निकालने का काम किया जा रहा है।

**लोगों की निगाहें बैठक पर टिकी :-** कोयला मंत्री के धनबाद दौरे को लेकर अग्नि प्रभावित और भू-धसान क्षेत्र में बसे लोगों की निगाहें भी आज की समीक्षा बैठक पर टिकी हुई है। अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों की स्थिति काफी दयनीय हो चली है। आए दिन वह मौत के साए में जीने को मजबूर हैं। कोयला मंत्री से ऐसे क्षेत्र में बसे लोग विशेष उम्मीद लगाए हुए हैं।

## राजा बांध तालाब में तैरता मिला विवाहिता का शव, हत्या या आत्महत्या ?



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत सहयोगी नगर राजाबांध तालाब में गुरुवार की सुबह एक महिला का शव तैरता मिला जिससे इलाके में सनसनी फ़ैल गयी। स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सुचना दिए जाने पर शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया मृतक महिला सुगियाडीह निवासी शिल्पी कुमारी (27 वर्ष) है। जिसने एक सप्ताह पूर्व एक बेटे को जन्म दिया है। उसका पति कोलकाता में कार्यरत है। परिजनों का कहना है कि बुधवार की देर रात वह बगैर बताये घर से निकल गई। जिसके बाद परिजनों ने उसे ढूंढने का प्रयास किया, परंतु वह नहीं मिली। वहीं सुगियाडीह से कुछ दूरी पर स्थित राजा बांध तालाब में गुरुवार की सुबह एक महिला का शव देखा गया। जिसकी सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और शव की शिनाख्त की। घटना को स्थानीय लोग और पुलिस संदेहास्पद बता रहे हैं। जबकि महिला के परिजन कई सवालों के जवाब देने में आनाकानी कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि महिला के पति के आने का इन्तजार किया जा रहा है। उनके बयान लिए जाने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया गया है।

## पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा : जनहित मोर्चा



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी टुंडी प्रखंड क्षेत्र के मेरानवाटांड के दुमा गांव निवासी शंकर प्रसाद डे उम्र 52 वर्ष की मंगलवार की रात अज्ञात हमलावरों के द्वारा गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई आज पीड़ित परिवारों से मिलकर जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने नेशन टीवी भारत को एक इंटरव्यू देते हुए कहा कि पीड़ित परिवार के साथ में हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तैयार हूं एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तक मेरा संघर्ष जारी रहेगा एवं बहुत जल्द धनबाद प्रशासन की निकम्मी व्यवस्था के खिलाफ झारखंड के राज्यपाल महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मौके पर उनके निजी सचिव मुरारी सिंह, नंदकिशोर केवट, सुभाष कुमार तिवारी, अरुण रवानी, मुशताक अंसारी आदि मौजूद थे।

## झामुमो जिला कमिटी ने नव मनोनीत पदाधिकारियों का किया स्वागत सम्मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोविंदपुर :** धनबाद जिला अन्तर्गत गोविंदपुर प्रंखड स्थित विवाह भवन, गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय के समीप झामुमो धनबाद जिला समिति द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में झामुमो धनबाद जिला अन्तर्गत नव मनोनीत सभी वर्ग संगठन के पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

उक्त कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा की आप सभी को केन्द्रीय समिति ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। आने वाले समय में राज्य में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव हैं और धनबाद जिला में अधिक से अधिक सीटें झामुमो के खाते में डालना है। इस लिए आज से ही आप लोग संगठन केलिए इमानदारी से कार्य करें। पूरा जिला कमीटी आप लोगों के साथ हैं।



मौके पर मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य धरनीधर मंडल, जिला उपाध्यक्ष लखन प्रमाणिक, मुकेश सिंह, अजय रवानी, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, संयुक्त सचिव तपन तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष युद्रेश्वर सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, प्रखंड सचिव पारस हसदा, शोहागी हेम्ब्रम, निर्मला देवी, प्रेमा पाण्डे, मीना विश्वकर्मा, सुमन हेम्ब्रम, उपाध्यक्ष निर्मल मंडल, फिरोज अंसारी, मिहिर गोप, सह सचिव मुबारक अंसारी आदि मौजूद थे।

## पानी की समस्या को लेकर मिले माले नेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह माले के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा और माले नेता नौसाद अहमद चांद की अगुवाई में वार्ड 27 में, पेयजल समस्या को जानने को लेकर कई घरों में भ्रमण किया गया। उन्होंने बताया कि जानकारी मिली कि पानी के समस्या गर्मी के समय तो थी ही अब बरसात के समय भी दो टाईम पानी नही मिल पा रहा है नगरनिगम क्षेत्र वार्ड 27 में,इसके लिए जिम्मेवार वह है जो नगरनिगम के लिए जो पानी पिलाने का ठिका लिया है उसका हाथ है। एक तरह दो टाईम का पानी नही दे रहा है। वही दूसरी तरफ कई वार्ड में गंदा पानी आ रहा है, वार्ड 27



के बुलाकि रोड स्टेशन रोड आदि जगह पर, पानी गंदा आ रहा है,नागार्जुन वाले पाईप में या नगरनिगम वाले पाईप में कुछ तो गड़बड़ है, पानी में गंदा नाली का महक आ रहा है। माले नेता सिन्हा ने कहा कि नगरनिगम से कड़े शब्दो में बात साफ है जिस जिस एरिया में पानी नही आता है या पानी नही दिया जा रहा उस एरिया से पाईप कबाड़ के कबाड़ी में बेचवा दिया जाय, नगरनिगम में कुछ फंड फंड आ जायेगा, फंड की कमी होगी इसलिए दिक्कत हो रही होगी, पानी नही दे पा रहा है नगरनिगम, पचंबा तरफ पाईप बिछाया है किंतु पानी नही है, नगरनिगम सभी एरिया में पेयजल का निदान में फेल है।

इधर माले नेता नौशाद अहमद चांद ने कहा कि जेएमएम और बीजेपी दोनो ने तबाह कर दिया है जनता को, इस बार चुनाव में सबक सिखाना होगा, 27 नंबर में सत्ता पक्ष के लोग कोई काम नही करते है, जनप्रतिनिधि भी शांत रहते है जनता को झेलने के लिए छोड़ देते है। मौके पर डॉक्टर अशोक, छोटू, युनुस, सोनू, नौसाद, जफर, टिंकू, फैयाज, मुस्लिम, मोइन आदि उपस्थित थे।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने की आत्महत्या

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुसुंडा खरकाबाद के रहने वाले 22 वर्षीय दिलीप रवानी ने फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है के दिलीप रात 10:00 बजे के आस पास अपने रूम में सोने चला गया। सुबह जब दिलीप के पिता ने पूजा के लिए मंदिर जाने के लिए दरवाज़ा खुलवाया तो वह नहीं खोला। जिसके बाद किसी प्रकार खिड़की से कमरे की ओर देखा गया तो वह फांसी के फंदे पर झूलता हुआ दिखाई दिया। जिसके बाद घर में मातम का माहौल बन गया। गौरतलब है की दिलीप दिल्ली में किसी निजी कंपनी में काम करता था और वह दो तिन दिन बाद दिल्ली वापस जाने वाला था। फांसी लगाने का क्या कारण था, पता नही चला सका। आस पास के लोगों का कहना है की प्रेम प्रसंग में विफलता के बाद दिलीप ने ऐसा कदम उठाया होगा। वहीं मौके पर पहुंचे वार्ड 14 के पूर्व पार्षद निसार आलम ने मृतक के परिजन को सांत्वना दी और पुलिस को सूचना दी। वहीं निसार आलम ने बताया की सूचना मिलने के दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा आज महेन्दूघाट, पटना में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में नई लाईन, दोहरीकरण, थर्ड लाईन सहित पूर्व मध्य रेल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई । परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिषा-निर्देष दिया। बैठक में अपर महाप्रबंधक सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे ।

समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के निर्माण विभाग की उपलब्धियों एवं भविष्य की कार्ययोजनओं से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देष दिया ताकि सभी निर्माण कार्य तय समय पर पूरा किया जा सके ।

## सीसीएल की भूमि से हटा अतिक्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सदर प्रखंड के महेशलुडी गांव में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया यह अतिक्रमण हटाओ अभियान जिला प्रशासन एवं सीसीएल प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में चलाई गई अतिक्रमण हटाओ अभियान में सदर एसडीएम विशाल दीप खालको सदर सीओ रवि भूषण प्रसाद, मुफस्सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान, पचबा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह सीसीएल के सुरक्षा अधिकारी एनके नायक के अलावे पुलिस बल जवान मौजूद थे अतिक्रमण मुक्त कराने के इस अभियान के दौरान पुलिस को मामूली बल प्रयोग भी करना पड़ा अतिक्रमण मुक्त अभियान के दौरान



जेसीबी के सहारे कई मकानों को जमींदोज किया गया इस दौरान एक महिला के विरोध करने पर कुछ देर के लिए अभियान को रोकना पड़ा। प्रशासन के इस कड़े तेवर से सीसीएल की भूमि पर अतिक्रमण कर रह रहे लोगों में भी दहशत पैदा हो गया है बता दें कि सीसीएल की भूमि पर कब्जा को लेकर कई दलाल सक्रिय हैं जो एक निश्चित राशि लेकर एग्रीमेंट पर जमीन की खरीद बिक्री भी कर रहे हैं।

## पूर्व विधायक संजीव की स्थिति गंभीर, अस्पताल अधीक्षक पर बेहतर इलाज मुहैया नहीं कराने का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मेरे पति की स्थिति गंभीर है। परंतु अस्पताल अधीक्षक ना जाने किस दबाव में उन्हें बेहतर इलाज मुहैया नहीं करा रहे हैंज यह कहना है झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह का। गुरुवार को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाजरत संजीव सिंह की तबीयत और अधिक बिगड़ गई। जिसके बाद उनके समर्थक व पत्नी भाजपा नेत्री रागिनी सिंह अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने चिकित्सकों से बातचीत कर संजीव सिंह के तबीयत के बाबत जानकारी ली। चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें छाती, कमर में दर्द और अत्यधिक कमजोरी है। जिसके वजह से उन्हें लगातार वोमेटिंग हो रही है। इसके अलावा वह सही से खड़े हो पाने में असमर्थ है। ऐसे में उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर ले जाना चाहिए। मालूम हो कि 2 दिन पूर्व धनबाद जेल में झरिया से भाजपा के पूर्व विधायक संजीव सिंह की तबीयत बिगड़ने और बाथरूम में गिर जाने की वजह से गंभीर चोटे आई थी। जिसके बाद उन्हें धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सीसीयू में भर्ती कराया गया है। परंतु 48 घंटे गुजर जाने के बाद भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। ऐसे में उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने मीडिया को बताया कि उन्हें बेहतर इलाज की जरूरत है।

## बेहराडीह में पानी निकासी को ले दो पक्षों में विवाद आवेदन देकर की जांच की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ/गिरिडीह :** विधानसभा के देवरी प्रखंड अंतर्गत बेडोडीह पंचायत के बेहराडीह में कुआं का पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में लंबे समय से विवाद चलते आ रहा है इसी क्रम में उक्त गांव निवासी सुरेश यादव ने अंचल, प्रखंड और थाना प्रभारी को आवेदन देकर बताया कि पूर्व मुखिया दुलारी देवी के स्वीकृति से निर्मित नाली को उसी गांव निवासी दिलीप तिवारी और जयदेव तिवारी वगेरह द्वारा मिट्टी डालकर भर देने और कुएं से निकलने वाले पानी को बंद कर दिया जिससे गंदा पानी जमा हो जाता और कुआं में चला जाता है। वहीं जयदेव तिवारी और दिलीप तिवारी ने भी थाना में आवेदन देकर बताया कि सुरेश यादव अपने निजी कुएं का पानी सार्वजनिक गली में निकासी कर देता जिससे पूरे गली में पानी जम जाता है और पूरा कीचड़ जमा



हो जाता लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती है।साथ ही बताया कि उक्त विवाद को लेकर वर्तमान मुखिया लाला अशोक कुमार की उपस्थिति में लिखित रूप से एक समझौता हुई जिसमे सुरेश यादव को पाईप के माध्यम से पानी मुख्य नाली तक ले जाने का निर्देश दिया गया किंतु बात नहीं माना।

## अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 506वें दिन भी जारी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अनुकंपा पर अविलंब नियोजन की मांग को लेकर झमाडा के मृत कर्मियों के आश्रित झमाडा कार्यालय के बाहर पिछले 506 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। वहीं इस दौरान झमाडा के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। बता दें कि पिछले 506 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे इन धरणार्थी से माडा का कोई भी अधिकारी मिलने तक नहीं आयें हैं। वही शरणार्थी का कहना है की जब तक हम आश्रितों को मृत कर्मियों के बदले नियोजन नहीं मिलेगी तब तक हम अनिश्चितकालीन धरना पर ही रहेंगे।

# उपायुक्त ने खेल के बेहतर प्रदर्शन व रिजल्ट के लिए छात्राओं को किया सम्मानित

## झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा नगर भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झाखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के द्वारा आज प्रतिभा सम्मान समारोह-2023 का आयोजन नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला के सरकारी विद्यालयों के बच्चे शिक्षा,खेल समेत अन्य क्षेत्रों में काफी अच्छा कर रहे हैं। मैट्रिक या इंटरमीडिएट परीक्षा हो सभी में रिजल्ट बेहतर हो रहा है। यहां के छात्रों ने यह सिद्ध कर दिया कि अगर बेहतर माहौल मिले तो ये किसी भी मामले में किसी से कम नहीं हैं और आगे निकलने में सक्षम







हैं। यहां के सरकारी विद्यालयों के बच्चे आईआईटी जेईई परीक्षाएं पास कर रहे हैं। अभी बीते माह थाईलैण्ड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में यहां के आवासीय विद्यालयों के बच्चों ने स्वर्ण व रजक पदक हासिल किये हैं। गर्व होता है जब इस जिला के बच्चे अच्छा प्रदर्शन करते हैं। आगे भी जिस जिला में जाएंगे वहां जिला, राज्य व देश का नाम रौशन करेंगे। यहां के सरकारी विद्यालयों के बच्चों सरकारी विद्यालयों में अच्छे शिक्षक नहीं होने या अच्छी पढ़ाई नहीं होने की लोगों की भ्रांति दूर की। उपायुक्त ने कहा कि 80-90 के दशक में अच्छे सरकारी विद्यालयों में नामांकन के लिए बहुत भीड़ होती थी उम्मीद है कि वह गरिमा जल्द लौटेगी। आज के कार्यक्रम में इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू की मुस्कान कुमारी, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासी विद्यालय किस्को की छात्रा सुचिता कुमारी और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू की छात्रा प्रेरणा कुमारी को सम्मानित किया गया। इस वर्ष इंटरमीडिएट परीक्षा में विज्ञान संकाय में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, भण्डरा की छात्रा संतोषी कुमारी, जूली कुमारी और पार्वती कुमारी को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा वाणिज्य संकाय में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, सेन्हा की छात्रा सपना उरांव, रूकसाना खातून और एक अन्य छात्रा को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा कला संकाय में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, भण्डरा की छात्रा पूनम कुमारी, मनीषा कुमारी और सोनी कुमारी को सम्मानित किया गया।आज आयोजित कार्यक्रम में 25-27 जून 2023 तक थाईलैण्ड के पटाया शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कुडू की तीन छात्राओं कुमकुम कुमारी, अनामिका उरांव, रौशनी उरांव, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की तीन छात्राओं जूही कुमारी, सुनेहा कुमारी और अंजलि तिर्की को स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त करने के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप-2022 में स्वर्ण,रजत और कांस्य पदक हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुडू की 11 और झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की 12 छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। 18-19 दिसंबर 2022 को नई दिल्ली में आयोजित सुपर गोल्ड कराटे लीग-2022 में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्राप्त करने वाली कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय,कुडू की 04 और झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो की 05 छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में पदस्थापन से जुड़े एक मामले पर स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही,केंद्रीय पुस्तकालय में एक लाईब्रेरियन और एक मल्टी टास्किंग स्टाफ की नियुक्ति किये जाने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## अवैध शराब की बिक्री पर चला ठेठईटांगर पुलिस का डंडा



**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर पुलिस लगातार अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर और थाना प्रभारी ठेठईटाँगर की अगुवाई में ठेठईटाँगर पुलिस ने रविवार को अवैध शराब के विरूद्ध ठेठईटाँगर के जोरम में छापामारी ऑपरेशन चलाया। ठेठईटाँगर पुलिस ने ठेठईटाँगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत जोराम में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी की। छापामारी के क्रम में पुलिस ने यहां बहुल मात्रा में जावा महुआ नष्ट किया। साथ ही शराब बनाने वाले बर्तनों को नष्ट भी कर दिया और यह चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा ना करे अन्यथा क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठन के लोगों ने राजेश गुप्ता की मां के निधन पर किया शोक प्रगट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दिनांक 12 जुलाई 2023 दिन बुधवार को प्रभात मंत्र के ब्यूरो चीफ राजेश गुप्ता की माता का देहांत रात्रि 8:30 हो गया। आज दिनांक 13 जुलाई 2023 दिन बृहस्पतिवार को दिन के 11:00 बजे कोयल संगम मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठन के लोगों द्वारा शोक संवेदना प्रकट किया गया?। राजेश गुप्ता की मां के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, स्थानीय विधायक मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, सुखेर भगत, नेसार अहमद, पूर्वव विधायक सुखदेव भगत, आलोक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, ओमप्रकाश सिंह, बृज



बिहारी प्रसाद, प्रवीण सिंह, (पूर्व विधान पार्षद) राजकिशोर महतो, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद,राज मोहन राम, श्री चंद प्रजापति, चंद्रशेखर अग्रवाल, रमेश उराव(पूर्व विधायक), बिंदेश्वर उराव, हर्षनाथ महतो, सामेला भगत, नीरज नलिन, नवीन कुमार टिंकू, सूरज मोहन साहू, बाल कृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, जगनंदन पौराणिक, सरोज प्रजापति, अनिल उरांव, मीना बाखला, भारती सिन्हा, छेदी राम, संजय चौधरी, मनीष शिखर, कलावती देवी, प्रकाश नायक, भीख राम उराव, नासिर अंसारी, सुदामा प्रसाद, अमरेश भारती, सूरज दसोंधी, विवेक कुमार सोनी, लखन उराव, मुकेश साहू, भरत नगेसिया, नवीन कुमार साहू, पशुपतिनाथ पारस, सजल कुमार,केंद्रीय मुक्तिधाम समिति लोहरदगा के संरक्षक राजेंद्र खत्री, कवलजीत सिंह, सीताराम गुप्ता, विनोद सिंह, अजय पंकज, सूरज अग्रवाल, रितेश कुमार, तथा समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सचिव मनोज साहू, कोषाध्यक्ष दीपक सर्राफ, गुड्डुस गुप्ता, सागर वर्मा, नंदू भगत, गोपाल गोयल, आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, महासचिव विलियम कुजुर, प्रवक्ता रामचंद्रर गिरी, जय श्री राम समिति संयोजक अजय सोनी, रमेश उरांव इत्यादि शामिल है।

## कुरडेग में जन भावना फाउंडेशन के योजनाओं की दी गई जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुरडेग प्रखंड के डुमरडीह पंचायत भवन में जन भावना फाउंडेशन (NGO) के योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार ने जनभावना फाउंडेशन के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि जनभावना फाउंडेशन का लक्ष्य स्वास्थ्य, शिक्षा, समृद्धि और लोगों का विकास करना ही है, जिस तरह से वर्तमान में काम कर रही है आने वाले दिनों में पूरे पंचायत के लोगों तक सरकार की योजनाओं को अलग अलग तरीके से लोगों तक पहुँचा कर लाभ दिया जाएगा और हमारा उद्देश्य है शहर से गांव की ओर ले जाना। साथ ही साथ बाल विवाह में रोक थाम का कार्य कर रही है जिससे कि शारिरिक और आर्थिक नुकसान से बचाव हो। जनभावना फाउंडेशन का उद्देश्य है हर हाथ हुनर जन जन को रोजगार। अभी वर्तमान में सरकार की बालिका समृद्धि योजना के तहत बाल विवाह को रोकना एवं बालिका के 18 वर्ष के बाद विवाह पर जरूरत के सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं। जिसको लेकर जनभावना फाउंडेशन सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ को लोगों तक पहुंचा कर सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है।इस कार्यक्रम में डूमरडीह पंचायत के मुखिया महेश्वर साय ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम में जनभावना फाउडेंशन के सोमलाल बेसरा, सोशन केरकेट्टा, पंचायत हेड डूमरडीह पूनम अनूपा डुंगडुंग सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## किसानों की बाड़ी में लगे फसल की सुरक्षा को लेकर एचडीएफसी ने किया कटीले तार का वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाड़ी में लगे फसल की सुरक्षा को लेकर एचडी एफ सी एवं बाएफ संस्था के तत्वधान में डोका ग्राम में 10 लभूकों के बीच कटीला तार का वितरण निःशुल्क किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गाँव पंचायत स्थित डोका ग्राम में किसानों को प्रोत्सान देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराया जा रहा है।इसके अलावे मुर्की पंचायत में भी किसान वर्ग को प्रोत्सान पहुंचाने के दृष्टिकोण से कटीला तार का वितरण किया गया। इसी के तहत डोका ग्राम के किसान को सुविधा एवं खेती में लगे फसल को जानवर से नष्ट होने से बचाने को लेकर एचडीएफसी बैंक और बायफ संस्थ द्वारा कटीला तार का वितरण किया गया। फील्ड मोटिवेटर ममता कुमारी ने जानकारी देते हुए कही की एच डी एफ सी एवं बाएफ के संयुक्त पहल से पूर्व में बाड़ी योजना दिया गया था। जहां किसानों द्वारा फसल लगया गया है। वैसे किसान का फसल जानवर से नष्ट न हो जिसको लेकर संस्था के द्वारा निःशुल्क कटीला तार का वितरण किया गया है जो किसान आवश्यकता के अनुसार फसल का घेराबंदी कर जानवर से फसल को बचा कर आत्मनिर्भ के साथ उन्नत किस्म की खेती करने में चयनीति किसान सार्थक साबित हो सके।

## लीड्स संस्था के प्रोग्राम मैनेजर ने किया आम बागवानी का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के बनजोगा, बराईबेड़ा एवं बड़कीटांगर ग्राम में रियर परियोजना के तहत लगाए जा रहे आम बागवानी योजना का निरीक्षण लीड्स के प्रोग्राम मैनेजर नीरझरनी रथ ने शुक्रवार को किया। इस दौरान प्रोग्राम मैनेजर ने उपस्थित आम बागवानी के लाभुक एवं ग्रामीणों से कहा कि लीड्स संस्था द्वारा रियर परियोजना के तहत संचालित आम बागवानी ग्रामीण लाभुकों को फल उत्पादन के साथ साथ आत्मनिर्भर बनाता है। जिसका लाभ योजना के लाभुक किसान उठाए। साथ ही बागवानी में लगाए जाने वाले पौधों के समुचित देखरेख के लिए बागवानी स्थल के किनारे पौधा लगाने के उपरांत घेराबंदी अवश्य करें। इस दौरान गड्ढे की लंबाई चौड़ाई और गहराई के साथ एक पौधे से दूसरे पौधे की निर्धारित दूरी के अनुरूप खोदे गए गड्ढे की माफी भी की गयी और कई किसानों के यहां पौधे भी लगाए गए। मौके पर लमडेगा मुखिया बिपिन बडिंग, ग्राम सभा अध्यक्ष नेलन तोपनो, लीड्स संस्था के संतोष कुमार, कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार, जोसेफ लुगुन, कलिंद्र प्रधान, जोसेफ लुगुन सहित आम बागवानी योजना के लाभुक ग्रामीण उपस्थित थे।

## जलडेगा में फिर दिखा जंगली हाथी, ग्रामीणों में भय का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के ओडगा में अकेले जंगली हाथी ने मंगलवार रात जमकर उत्पात मचाया फलस्वरूप ग्रामीण रात-भर परेशान रहे एवं आपसी एकजुटता दिखाते हुए ग्रामीणों ने जंगली हाथी को खदेड़ते हुए जामुनटोली होते उड़ीसा सीमांत जंगल की ओर खदेड़ा, मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार संध्या में जंगली हाथी रामजड़ी की ओर से आते हुए ओडगा गांव में प्रवेश कर गया तथा ओडगा बाजारटांड़, यहुआटोली, बाजारटोली में विचरण करने लगा, हाथी के प्रवेश करते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गया तथा ग्रामीणों ने बिना देर किए एकजुटता का परिचय देते हुए मशाल, पटाखा के सहारे काफी मशक्कत के बाद जामुनटोली होते उड़ीसा जंगल की ओर अकेला जंगली हाथी को खदेड़ दिया गया, समय रहते ग्रामीणों ने एकजुटता का परिचय दिया, जहां स्थानीय ओडगा पुलिस के जवानों ने भी साथ दिया तथा ओडगा क्षेत्र से बाहर उड़ीसा सीमा क्षेत्र के जंगल की ओर खदेड़ दिया गया फलस्वरूप जंगली हाथी द्वारा जान माल एवं आर्थिक क्षति नहीं पहुंचाई जा सकी, हाथी भगाने के दौरान गैलेड कंडुलना, अमित कुमार, संदीप बड़ाईक, अनमोल डांग, जओलजएस कंडुलना, नरेश बड़ाईक, अमित सुरीन, सांगुड़ जोजो सहित ओडगा, ढेलसेरा, सारूबहार जानुमटोली के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे । ओडगा में जंगली हाथी आने के बाद गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया , ग्रामीणों में कोई मशाल तो कोई पटाखा,कोई लाठी सहित जो जैसा पाया,हाथी भगाने के लिए दौड़ पड़े कि कहीं कोई जान माल या घर द्वार जंगली हाथी न उजाड़ पाएं,इसी बीच हाथी भगाने के दौरान ओडगा निवासी अब्दुल खान के हाथों में ही पटाखा बड़ा बम फुट गया जिससे दाहिना हाथ बुरी तरह से जल गया एवं हाथ लहुलूहान हो गया जिससे रात को ही ग्रामीणों एवं परिजनों ने हाथीबाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां

## ईश्वरी मोहन शर्मा ने मनीषा ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के मलार टोली के समीप गुरुवार को मनीषा ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो का उद्घाटन मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सह भंडरा प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख ईश्वरी मोहन शर्मा, विशिष्ट अतिथि भंडरा थाना के अवर निरीक्षक विकास विश्वकर्मा व 20 सूत्री सदस्य अब्दुल कुदुस ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व उप प्रमुख ईश्वरी मोहन शर्मा ने कहा कि भंडरा प्रखंड में ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो खोलना सराहनीय कदम है। इससे भंडरा प्रखंड सहित आसपास के युवाओं को अपने अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगी। इससे अब प्रखंड के गायक व लेखक को गाना रिकॉर्ड के लिए दूसरे जगहों पर जाना नहीं पड़ेगा। विशिष्ट अतिथि अवर निरीक्षक विकास विश्वकर्मा ने कहा की



समाज को जागरुक करने व सभ्य समाज के निर्माण में स्टूडियो का अहम रोल होता है। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का भव्य रिकॉर्डिंग स्टूडियो का होना सराहनीय है। साथ ही उन्होंने कहा कि स्टूडियो में ध्यान रहे कि किसी भी तरह का अश्लीलता गाना नहीं गाया जाएं। मौके पर सोहन लोहरा, आरएस राजू, मनीष उरांव, मंजूनाथ उरांव, पंकज महतो, सुनील किंडो, सुभाष महली, उत्तम साहू, संजय राम सहित कलाकार मौजूद थे।

## पर्यवेक्षिका ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को जन्म प्रमाण पत्र बनाने को लेकर दिए निर्देश



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं को जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिये अपने अपने पोषक क्षेत्र में 14 जुलाई से 14 अगस्त तक 0 से 5 वर्ष तक बच्चो को सर्वे करने का निर्देश पर्यवेक्षिका परमुनी देवी के द्वारा दिया गया। साथ ही सर्वे कर प्रखंड कार्यालय में रिपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया गया। वही ज़रकर द्वारा किशोरियों के लिये संचालित योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्ध योजना के अन्तर्गत सरकारी विद्यालय में 8 वीं कक्षा से 12 वीं कक्षा में पढ़ने वाली बच्चियों का प्रपत्र भर कर बाल विकास परियोजना कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया।

## आजसू पार्टी द्वारा पंचायत समिति गठन को लेकर जन पंचायत कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला के लोहरदगा प्रखंड अंतर्गत हिरही पंचायत में आजसू पार्टी के द्वारा जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से लोहरदगा जिला महासचिव विलियम कुजुर और अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी के साथ प्रखंड प्रभारी शमीम अंसारी, महबूब अंसारी, सुनील उरांव, बसंत लोहरा, अयूब अंसारी, छोटन सारी, उर्दू संसारी, अमीन अंसारी, अयूब अंसारी, अमीर अंसारी, आशिक अंसारी, असलम अंसारी, शंकर महतो, रोजामत अंसारी, इम्तियाज अंसारी, लाल मोहम्मद अंसारी, तबरेज अंसारी, इरशाद अंसारी, अहमद रजा, हफीजुल अंसारी, सरवर अंसारी, मोहसिन अंसारी, जावेद अंसारी, अल्ताफ अंसारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर पंचायत समिति गठन को लेकर विचार विमर्श किया



गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला महासचिव विलियम कुजूर ने कहा कि आज झारखंड में एकमात्र आजसू पार्टी ही ऐसा राजनीतिक दल है जिसके पास छल नहीं है। वह जनता से जो वादा करती है उसे हर हाल में पूरा करने में विश्वास रखती है। यही कारण है कि गांव-गांव हर चूल्हा तक आजसू पार्टी पहुंचकर जनहित में कार्य करने का काम कर रही है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि आजसू पार्टी की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है। वह जो कहती है सो करती है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए आजसू पार्टी हमेशा से ईमानदारी के साथ प्रयासरत रही है। यही वजह है कि आज आजसू पार्टी के ऊपर सभी समुदाय के लोगों के साथ साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों का विश्वास अत्यधिक बड़ा है और आने वाला समय में निश्चित रूप से लोहरदगा में आजसू का विजयी झंडा लहराएगा। प्रखंड प्रभारी शमीम अंसारी ने कहा कि समय बदल गया है। समय के साथ चलना अब मुस्लिम समुदाय के लोग भी सीख चुके हैं। अब कोई भी राजनीतिक दल के लोग आकर आराम से बेवकूफ नहीं बना सकते। हम लोगों ने सबको देखा है और आजसू पार्टी के नेता कमल किशोर भगत के कामों को परखने का मौका मिला है। उन्होंने सभी समुदाय के लिए जो कार्य किया है वह उल्लेखनीय है। महबूब अंसारी ने भी कहा कि हमें आजसू पार्टी पर पूरा विश्वास है और हमारा मुस्लिम समाज इस बार आजसू को जिताने के लिए जान की बाजी लगाने को तैयार है।

## आदिवासी सरना समुदाय के जिला युवा समिति ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को लोहरदगा वीर शिवाचौक एम जी रोड झखरा कुम्बा में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा के बैनर तले आदिवासी सरना समुदाय के जिला युवा समिति लोहरदगा ने रक्तदान महादान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का अगुवाई जिला युवा समिति के संरक्षक संतोष उरांव, जिलाध्यक्ष मनीष मुण्डा, सचिव ज्ञान मुण्डा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोहरदगा सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव थे। इस शिविर को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अनिल उरांव ने कहा कि धीरे-धीरे आदिवासी समाज के लोग इसका महत्व को समझने लगे हैं और रक्तदान के प्रति जागरूकता का माहौल और लोग भी आगे आयेंगे। आज हमारे आने वाला पीढ़ी के





युवाओं के लिए बहुत बड़ा गर्व की बात है और इस रक्तदान महादान शिविर में हमेशा बढ़ चढ़ कर भागीदारी लें। उन्होंने ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम उन लोगों को जागरूक करें जो इसके महत्व के बारे नहीं जानते हैं। रक्तदान करने से किसी दूसरे का जीवन कैसे बचता है और जीवनदान देते हैं। रक्तदान महादान है इससे लाखों लोगों की जिंदगी बच जाती है। मौके पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा जिला युवा समिति के संरक्षक संतोष उरांव ने कहा कि यह रक्तदान महादान रक्तदान शिविर का आयोजन में आदिवासी समाज के युवा पीढ़ी का प्रथम कार्यक्रम है। अब हमारा आदिवासी समाज के लोग भी रक्तदान शिविर का आयोजन करके हमेशा लोगों को जागरूक करेंगी। इस शिविर में 28 यूनिट ब्लड दान किया गया। इस शिविर में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा के कार्यकर्ता बिरसा उरांव, जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव, जिला धर्म गुरु फूलकेशवर उरांव, फूलदेव भगत, रामजीत उरांव, महिला जागरूकता जिलाध्यक्ष जयंती उरांव, बिरनी उरांव, महासचिव विक्रम उरांव, सहसचिव रवि नारायण महली, रामलाल उरांव, कोषाध्यक्ष सुबोध उरांव, सजीत उरांव, लोहरदगा सदर अस्पताल के ब्लाड विभाग की स्वास्थ्य टीम डॉ बार्णवाल, उमेश प्रसाद, सदाम अंसारी, सरिता सोरेन, सफाली सोरेन सहित भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### संघ की प्रांत प्रचारक बैठक तमिलनाडु के ऊटी में शुरू




**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के ऊटी में गुरुवार को शुरू हुई। यह बैठक 15 जुलाई शाम 06 बजे तक चलेगी। आज इसमें शताब्दी कार्य विस्तार योजना पर चर्चा हुई।बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के साथ सभी सह सरकार्यवाह, सभी प्रांतों के प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, क्षेत्र प्रचारक, सह क्षेत्र प्रचारक एवं सभी कार्य विभागों के अखिल भारतीय पदाधिकारी तथा संघ प्रेरित विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री भी उपस्थित हैं।बैठक में मुख्यतः इस वर्ष हुए संघ शिक्षा वर्गों के वृत्त एवं समीक्षा, संघ शताब्दी कार्यविस्तार योजना की अभी तक हुई प्रगति, शाखा स्तर के सामाजिक कार्यों का विवरण एवं परिवर्तन के अनुभवों का आदान-प्रदान तथा वर्तमान स्थिति के संदर्भ में भी चर्चा होगी।

### रांची में दो बदमाश गिरफ्तार, गोली बरामद

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चान्हो थाना पुलिस ने हथियार की खरीद-बिक्री करने के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में अभिषेक शर्मा और आकाश कुमार गुप्ता शामिल हैं। इनके पास से 7.65 एमएम की 16 गोली बरामद हुई है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चान्हो थाना क्षेत्र के तरंगा मोड़ के पास दो व्यक्ति हथियारों की खरीद-बिक्री करने के लिए आये है। थाना प्रभारी रंजय कुमार की टीम ने छापेमारी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र में अवैध हथियार डेविड संगा के पास है। उसे भी कर्रा पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। डेविड के पास से एक पिस्टल बरामद किया गया। इस संबंध में कर्रा थाने में मामला दर्ज किया गया है।



# राकेश तिवारी मिकू बने जेएमएम युवा मोर्चा के पलामू जिला उपाध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में झामुमो युवा मोर्चा की ओर से आयोजित विस्तारित बैठक में राकेश तिवारी मिकू को जिला उपाध्यक्ष बनाने की घोषणा हुई। जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला के नेतृत्व में जिला कमेटी का विस्तार किया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी मिकू को माला पहनाकर पार्टी को मजबूती मिलने पर शुभकामना दी। मौके पर मिकू तिवारी ने जन नेता हेमंत सोरेन का आभार जताया जिनके इमानदार नीयत ने जनता को सरकार से सीधे जोड़े रखा। जिला उपाध्यक्ष का पद मिलने पर राकेश तिवारी मिकू ने जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला को विशेष तौर पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिन्होंने उनके युवापन को नई दिशा दी है। उनके विश्वास पर खरा उतरने एवं वर्तमान सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। मिकु तिवारी ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन झारखंड के लोकप्रिय नेता हैं। उनके नेतृत्व में राज्य का तेज गति से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में जेएमएम का परचम लहर रहा है।



**जिला उपाध्यक्ष का पद मिलने पर राकेश तिवारी मिकू ने जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला को विशेष तौर पर धन्यवाद ज्ञापित किया है।**

# शहर को सुव्यवस्थित किया जाएगा : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर के साथ चेंबर की एक विशेष बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि उपायुक्त पलामू से मिलकर शहर की समस्या तथा नया औद्योगिक प्रांगण बनाने हेतु भूमि के लिए अनुरोध किया जाएगा। इस मांग को लेकर चेंबर का डेलिगेशन डीसी से मिला।जिसमें चेंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, रंजीत मिश्रा,राकेश कुमार, निलेश अग्रवाल एवं आलोक माथुर ने उपायुक्त से मिलते हुए शहर की समस्याओं को रखा। जिसमें प्रमुख औद्योगिक प्रांगण हेतु जमीन उपलब्ध कराना, विष्णु मंदिर मार्ग को जाम से मुक्त कराना तथा कोयल रिवर फ्रंट को नो ट्रांसपोर्ट जोन बनाना प्रमुख है। उपायुक्त पलामू ने काफी गंभीरता से तीनों विषय को लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही औद्योगिक प्रांगण हेतु जल्द भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

## पारंपरिक चिकित्सा पर 20 जुलाई को भारत और आसियान देशों के बीच होगा मंथन




एजेंसी

**नई दिल्ली।** पारंपरिक चिकित्सा पर 20 जुलाई को भारत और आसियान देशों के बीच नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंथन होगा। विदेश मंत्रालय और आसियान सचिवालय के सहयोग से आयुष मंत्रालय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर सम्मेलन का आयोजन करेगा।दक्षिण-पूर्वी देशों के संगठन (आसियान) के सदस्य देशों में इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, वियतनाम और कंबोडिया समेत 10 देश शामिल हैं। भारत आसियान रीजनल फोरम का सदस्य है। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत और आसियान सदस्य देशों के बीच बहुआयामी संबंध साझा भौगोलिक, ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों की मजबूत नींव पर खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर 2014 में म्यांमार में 12वें आसियान भारत शिखर सम्मेलन में एक्ट ईस्ट पॉलिसी की घोषणा की।

# पत्रकार संजय सिंह उमेश के पिता का निधन



**शव यात्रा में शामिल हुए सैकड़ो लोग, दी श्रद्धांजलि**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला के वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश के 85 वर्षीय पिता विश्वनाथ सिंह का बीती रात निधन हो गया. उन्होंने अंतिम सांस वेलवाटिका स्थित अपने आवास विद्या सदन में ली। उनके अंतिम समय में उनके बड़े पुत्र पत्रकार संजय सिंह, छोटे पुत्र अजय कुमार सिंह, पुत्री उमा देवी,दामाद छोटू सिंह,नाती पोता उपस्थित थे. पत्रकार के पिता विश्वनाथ सिंह हेल्थ इंस्पेक्टर के पद से रिटायर हुए थे। वे हमेशा अपने ड्यूटी और कर्तव्य के प्रति बराबर वफादार रहते थे।

मृदुभाषी, हंसमुख, खुशमिजाज व्यक्तित्व के स्वामी विश्वनाथ सिंह सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। जब भी किसी जरूरतमंद को किसी भी चीज की आवश्यकता हुई। उन्होंने बिना देर किए हर जरूरतमंदों की मदद की। लोगों ने शोक संवेदना में कहा कि एक ऐसा व्यक्ति अलविदा हो गया, जो सदा सबके लिए सोचता था। उन्होंने कभी किसी का अहित नहीं किया।

हर लोगों की मदद की। वे जीवन के अंतिम समय तक हुए सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे। उनकी मृत्यु से सामाजिक कार्यों में एक अपूरणीय क्षति हुई है। पत्रकार संजय सिंह के पिता के शव यात्रा में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव सहित वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र उपाध्याय, अवधेश शुक्ला, केतन आनंद,अश्वनी घई आदि शामिल हुए। पलामू एसपी चन्दन सिन्हा ने मृत आत्मा कि शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

पलामू के डीएसपी, सुरजीत कुमार, ऋषभ गर्ग थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा गौतम कुमार समेत कई थाना प्रभारियों,कई टीओपी प्रभारी ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

# पूर्व सांसद व डीएफओ ने निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** छतरपुर के डाली बाजार के कौशल नगर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के द्वारा आज से 57 वर्ष पूर्व चलाये गए निःशुल्क पौधा वितरण व रोपन एवं पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के 47 वां वर्ष पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधारोपण किया गया । पूर्व सांसद मनोज कुमार, डीएफओ सौमित्र शुक्ला, ने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल , जिला पार्षद अमित जायसवाल, मुखिया पूनम जायसवाल के साथ गुरुवार को 73 वां वन महोत्सव व निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का शुभारंभ वृक्षों पर रक्षाबंधन व पौधरोपण कर किया। पूर्व सांसद व भाजपा नेता मनोज कुमार ने अपने संबोधन में पर्यावरणविद कौशल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वन एवं पर्यावरण को बचाना सबका दायित्व है । उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र में नीलगाय आतंक मचाए हुए हैं जिससे तंग आकर किसान खेती करना बंद कर दिया है। क्षेत्र में किसानों की परेशानी बढ़ गयी है। मेदिनीनगर के डीएफओ सौमित्र शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास होना चाहिए। उन्होंने किसानों को सरकार से मिलने वाली अनुदान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने वहां के ग्रामीणों को 500 पौधा निशुल्क उपलब्ध कराने की भी घोषणा की। वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रकृति के प्रकोप से बचने के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों को पौधा लगाने की जरूरत है। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि जुलाई माह के पहला सप्ताह में वन महोत्सव को पौधों को छठी दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुखिया पूनम जायसवाल के धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत शिविर समापन की घोषणा की गई। मुखिया ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मौके पर रेंज ऑफिसर संजीव कुमार चौधरी, अशोक तिवारी,विनय पांडेय,उप मुखिया नगीना खातून, मनोज यादव,सुचित जायसवाल, संतोष प्रजापति, ब्यास चंदन विश्वकर्मा जुबेर अंसारी, रघुनाथ प्रसाद, अफजाल अंसारी,गुलाम गौस, सुभाष गुप्ता, प्रमोद जायसवाल, श्यामदेव पासवान, कृष्णा सिंह, उमेश यादव,उमेश कुमार, शिवनाथ राम, असगर अंसारी,मौजूद थे।



## जनजातीय क्षेत्रीय भाषा संकाय के छात्र एवं कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग प्रारंभ करने को लेकर सत्र 2023-2024को लेकर झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में जनजातीय क्षेत्रीय भाषा संकाय के छात्र एवं शोधार्थियों द्वारा कुलपति को ज्ञापन दिया गया । क्योंकि किसी भी राज्य में अगर केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित होती है तो वहां की जो क्षेत्रीय भाषा होती है, उसे प्राथमिकता दी जाती है। साथ ही किसी भी राज्य की पहचान वहां की भाषा और संस्कृति के साथ होती है । इस को लेकर कुलपति ने आश्वासन दिया कि हम अगले 1 से 2 दिनों में आप लोग के साथ पुना वार्ता करेंगे । कोशिश करेंगे कि केंद्रीय विश्वविद्यालय मे झारखंडी भाषाओं को स्थापित किया जाय । मुख्य रूप से प्रवीण कच्छप, पप्पू कुमार महतो, सोनू मुंडा ,जलेश, नीतीश, देवेंद्र, रविंदर , पुष्पा , राजेंद्र, बबलू, पंकज, ऋषभ ,परवेज ,प्रेम मंजरी ,यादव आदि।

# 23 जुलाई को दूसरे सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड तोड़ेंगे नवीन पटनायक

एजेंसी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पिछले 23 साल 127 दिनों से सीएम पद का कार्यभार संभाल रहे हैं. आने वाले 22 जुलाई को यानी ठीक दस दिन बाद वह दूसरे सबसे लंबे समय तक सीएम रहने वाले नेता का रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे. सीएम पटनायक ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत साल 1997 में की थी. साल 1998 में उन्होंने अपने पिता के नाम पर पार्टी बनाई और उसका नाम बीजू जनता दल रखा. उन्हें पहली बार मार्च 2000 में ओडिशा के मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया और तब से आज तक वह मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं. 20 साल पहले ओडिशा राज्य की पहचान देश के सबसे गरीब और बीमारू राज्यों में होती थी. ओडिशा के कालाहांडी और रायगढ़ का नाम सुनते ही दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में लोगों के बीच जो तस्वीर बनती थी, वो भुखमरी और कुपोषण के शिकार लोगों से जुड़ी हुई होती थी. साल 2001 में ही रायगड़ा के काशीपुर में आम की गुठली का पेस्ट खाने से 20 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर ने उस वक्त अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां बटोरी थी.नवीन पटनायक के सीएम पद संभालने से पहले साल 1999 में ओडिशा सबसे भीषण चक्रवाती तूफान से जूझ चुका था. सरकारी आंकड़े के अनुसार इस तूफान में लगभग 10 हजार से ज्यादा लोगों की जान गई थी. इन सब हालातों के बीच बीजेपी के साथ मिलकर नवीन पटनायक पहली बार सरकार बनाते हैं और बतौर सीएम उन्होंने इस राज्य की कायाकल्प ही बदलकर रख दी. उन्होंने राज्य में कई विकास कार्य किए.पिछले 23 साल में सीएम नवीन पटनायक ने ओडिशा की अर्थव्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था, हेल्थ फैसिलिटी और खाद्य सुरक्षा को लेकर हर उस नीति पर अमल किया जिसके कारण आज ओडिशा देश के सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों में गिना जाने लगा है.



# ग्वालियर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, सीएम ने किया स्वागत



एजेंसी

**ग्वालियर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को विशेष विमान से ग्वालियर पहुंची। यहां वायुसेना विमानतल पर उनका स्वागत हुआ। राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर ग्वालियर में उनका आत्मीय स्वागत किया।विमानतल पर राष्ट्रपति के आगमन पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर और महापौर शोभा सिकरवार ने भी पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।संभागीय आयुक्त दीपक सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी श्रीनिवास वर्मा, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल सहित वायुसेना के अधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अगवानी की। विमानतल पर जन-प्रतिनिधियों से भेंट के पश्चात राष्ट्रपति ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिये रवाना हुई।एयरपोर्ट से राष्ट्रपति सीधे ग्वालियर में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के महल जयविलास पैलेस पहुंचीं। यहां सिंधिया और उनकी पत्नी प्रियदर्शिनी सिंधिया ने उन्हें जयविलास पैलेस और जीवाजीराव सिंधिया म्यूजियम दिखाया। राष्ट्रपति मुर्मू ने जयविलास पैलेस में पहुंचकर पहले गैलरी, संग्रहालय सहित कपड़ा बनाने वाले हथकरघा देखे और यहां काम करने वालों से बात की। साथ ही महल में मौजूद छात्रों व छात्राओं से बात की और उन्हें उपहार दिए। इसके बाद उन्होंने यहां लंच लिया।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीए का सहयोगी हरीश ईडी के चार दिनों के रिमांड पर

**रांची:** टेंडर मैनेज कर अकूत संपत्ति अर्जित करने और उन पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में गिरफ्तार निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को गुरुवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। पेशी के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट से यह आग्रह किया कि हरीश यादव को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दी जाए। कोर्ट ने ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार की बहस सुनने के बाद चार दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी। उल्लेखनीय है कि टेंडर कमिशन मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों को ईडी ने बीते 24 जून को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल थे।

**अमित शाह ने जी 20 सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा**

# साइबर सुरक्षा वैश्विक सुरक्षा का एक अनिवार्य पहलू बन गई है

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में एनएफटी, एआई, मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पर आधारित जी20 सम्मेलन का उद्घाटन किया. इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि साइबर सुरक्षा वैश्विक सुरक्षा का एक अनिवार्य पहलू बन गई है. इसके आर्थिक और भू-राजनीतिक परिवेश को समझने की आवश्यकता है. उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त करते हुए कि आतंकवादी हिंसा करने, युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए नए तरीके खोज रहे हैं. अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद, आतंकी वित्तपोषण, कट्टरपंथ, नार्को, नार्को आतंकी लिंक, पारंपरिक और गैर-पारंपरिक चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपटने के लिए राष्ट्रों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की क्षमताओं को मजबूत करना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा वित्तीय लेनदेन के लिए आभासी संपत्ति के रूप में नए तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है. साइबर सुरक्षा पर यह पहला जी 20 शिखर सम्मेलन है. इसमें जी 20 सदस्यों के अलावा, नौ अतिथि देश और 2 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठन, इंटरपोल और यूएनओडीसी के साथ ही विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हुए हैं.शाह ने कहा कि आज 840 मिलियन भारतीयों की ऑनलाइन उपस्थिति है और 2025 तक अन्य 400 मिलियन भारतीय डिजिटल दुनिया में प्रवेश करेंगे. नौ वर्षों में इंटरनेट कनेक्शन में 250 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और भारत 2022 में 90 मिलियन लेनदेन के साथ वैश्विक डिजिटल भुगतान में अग्रणी है. शाह ने इंटरपोल की ग्लोबल ट्रेंड समरी रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि साल 2022 के लिए रैमसमवेयर, फिशिंग, ऑनलाइन घोटाले, ऑनलाइन बाल यौन शोषण जैसे साइबर अपराध के रुझान दुनिया भर में गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि ऐसी संभावना है कि भविष्य में ये साइबर अपराध कई गुना बढ़ जाएंगे.उन्होंने कहा कि हमारी सुरक्षा चुनौतियों का डायनामाइट से मेटावर्स और हवाला से क्रिप्टो करेंसी में बदलना दुनिया भर के देशों के लिए चिंता का विषय है. हम सभी को मिलकर इसके खिलाफ एक साझा रणनीति बनानी होगी. शाह ने कहा कि डिजिटल युद्ध में लक्ष्य हमारे भौतिक संसाधन नहीं हैं बल्कि ऑनलाइन कार्य करने की हमारी क्षमता है. 10 मिनट के लिए भी ऑनलाइन नेटवर्क में व्यवधान घातक हो सकता है. उन्होंने कहा कि आतंकवादी अपनी पहचान छिपाने और कट्टरपंथी मामलों को फैलाने के लिए डार्क नेट का उपयोग कर रहे हैं. हमें डार्क नेट पर चल रही इन गतिविधियों के पैटर्न को समझना होगा और इसका समाधान ढूंढना होगा.

